
7 मेघा रे ने दर्द को बनाई ...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


11 मुख्यमंत्री डॉ यादव ने...

■ वर्ष 31 अंक 88 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर गुरुवार 18 सितम्बर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# अब ईवीएम पर होंगी उम्मीदवारों की रंगीन फोटो

नई दिल्ली

ईवीएम बैलेट पेपर पर अब उम्मीदवारों के रंगीन फोटो होंगे। इसके अलावा प्रत्याशियों की नंबरिंग और उनका फोंट साइज भी बड़ा होगा, जिससे वोटर उसे अच्छे से पढ़ और देख सके। चुनाव आयोग इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से करेगा। इसके लिए आयोग ने एक गाइड लाइन जारी की है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि यह पहल उन 28 सुधारों का हिस्सा है, जिन्हें पिछले छह महीनों में मतदाताओं की सुविधा और चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए लागू किया गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, ईसीआई ने वोटर्स की सुविधा और चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ईवीएम बैलेट पेपर से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। यह बदलाव कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स, 1961 के नियम 49बी के तहत किए गए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों से ईवीएम में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी। अब से ईवीएम पर उम्मीदवार का चेहरा फोटो के तीन-चौथाई हिस्से पर होगा, जिससे वोटर्स को उम्मीदवार की पहचान करने में परेशानी न हो। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किये गए इस बदलाव से पहले अब तक बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की ब्लैक एंड व्हाइट फोटो होती थी। चुनाव आयोग के एक बयान में कहा गया है, भारत के चुनाव आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की डिजाइनिंग और प्रिंटिंग के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत मौजूदा दिशानिर्देशों को संशोधित किया है ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाई जा सके।

### चुनाव आयोग ने जारी की नई गाइडलाइन




### चुनाव प्रक्रिया बेहतर होगी

बयान में आगे कहा गया, यह पहल चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने तथा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए पिछले 6 महीनों में चुनाव आयोग द्वारा की गई 28 पहलों के अनुरूप है। चुनाव आयोग ने कहा कि नोटा सहित सभी उम्मीदवारों के नाम एक ही फॉन्ट और आसानी से पढ़े जाने योग्य पर्याप्त बड़े फॉन्ट आकार में छापे जाएंगे।

### नई गाइडलाइंस की 5 प्रमुख बातें

1. अब सभी चुनाव में ईवीएम बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की फोटो रंगीन होगी।
2. बिहार चुनाव से शुरुआत के बाद से यह नियम सभी चुनाव में जारी रहेगा। चुनाव आयोग का मानना है कि इससे मतदाताओं को सुविधा होगी। इसे एक नया प्रयोग माना जा रहा है।
3. नए बदलावों के अनुसार उम्मीदवार का चेहरा बैलेट पेपर पर तीन चौथाई हिस्से के बराबर होगा।
4. क्रम संख्या को भी अब ज्यादा प्रमुखता दी जाएगी।
5. एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए, सभी उम्मीदवारों या नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट आकार में छापे जाएंगे, जो आसानी से पठनीय हो।

## मप्र लिख रहा विकास की नई इबारत

### गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी पूजा, मेरा प्रण: प्रधानमंत्री

भोपाल




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। धार की धरती पर बनने वाले देश के पहले और सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क से देश की अर्थव्यवस्था को नया आधार मिलेगा। यह पार्क पूरे मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देगा और यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत भी लिखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफार्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने कहा कि हम देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टेक्सटाईल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया साथ ही राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' महाअभियान, आठवें 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ कर 'सुमन सखी चैटवॉट' को लाँच किया। प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रूपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को 1 करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर उपस्थित रहीं।

### 11 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सबके साथ से हम सबके विकास के लिए संकल्पित हैं। पिछले 11 वर्ष जनकल्याण को समर्पित रहे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी इष्ट-पूजा और मेरा प्रण है। हमारे समर्पित प्रयासों से पिछले 11 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आए हैं, जिससे पूरे समाज को एक नया आत्मविश्वास मिला है, यही हमारा ईनाम भी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की प्रगतिशीलता और अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना करते हुए कहा कि धार का यह पीएम मित्र पार्क आने वाले समय में दूसरे राज्यों के लिए एक नज़ीर बनेगा।

### नया भारत दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। कल ही एक पाकिस्तानी आतंकी ने दुनिया को रो-रोकर अपना हाल बताया। नया भारत किसी की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं है। यह नया भारत है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है।

### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ाएं

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ाना चाहिए। इसी से हमारे किसानों, काश्तकारों और श्रमिकों के जीवन में समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी को ही आजादी का हथियार बनाया था। अब हमें इसे विकसित भारत का आधार बनाना है। इसलिए हम छोटी-बड़ी जो भी चीजें खरीदें, सबसे पहले देखें कि क्या यह देश में बनी है या नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और व्यापारी मिलकर सुनिश्चित करें कि पर्वों के दौरान हर दुकान पर इस आशय का बोर्ड लगा होना चाहिए कि 'गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।'

### प्रधानमंत्री ने गरीबों के जीवन में सुख-सुविधा और सम्मान दिया: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं। जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी, वह प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई। देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने भारत की काया पलट दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत अगर बहनों के स्वाभिमान के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सख्त कार्रवाई करता है, तो यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारतीय सेना के सामर्थ्य से ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में श्रीरामलला भव्य मंदिर में विराजित हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में देश का सबसे ऊंचा ब्रिज बना है। आजादी के 78 साल बाद मिजोरम में ट्रेन पहुंची है। यूपीआई पूरी दुनिया को हैरान करता है। गरीबों के जीवन में सुख, सुविधा और सम्मान लौटा है।

### हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के पूर्व चेयरमैन अब्दुल गनी भट का निधन



**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर अब्दुल गनी भट का बुधवार को निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे और उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में अपने घर पर ही उन्होंने आखिरी सांस ली। 78 साल के प्रोफेसर भट हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के संस्थापक नेताओं में से एक थे और लंबे समय तक अलगाववादी राजनीति से जुड़े रहे।

### मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर

**मुंबई/रायपुर।** महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में दो महिला नक्सली वहीं छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दो नक्सली मार गिराए गए। पुलिस ने कहा कि अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

### एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले मारे गए

**गाजियाबाद।** बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश मारे गए हैं। गाजियाबाद में बुधवार शाम एसटीएफ ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उनकी पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई। दोनों बदमाश रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के थे। इन पर एक-एक लाख का इनाम था।

### शिक्षक के लिए 90 छात्राओं ने किया 65 किमी मार्च

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल की 90 छात्राओं ने दो शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 65 किमी लंबा पैदल मार्च निकाला। वे अपने गांव से रात भर चलकर सुबह जिला मुख्यालय पहुंचीं। स्कूल में दो महीने से भूगोल और राजनीतिक विज्ञान के शिक्षक नहीं थे। जिला मुख्यालय में जैसे ही छात्राएं अधिकरियों से मिलीं, प्रशासन को तुरंत शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश देना पड़ा।

### एसबीआई में 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच में 21 करोड़ से ज्यादा की डकैती हो गई। बैंक अफसरों के मुताबिक, इसमें 1.04 करोड़ कैश और 20 करोड़ से ज्यादा का 20 किलो सोना शामिल है। पांच हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए। एसपी लक्ष्मण बी निंबारगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

## नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री के धार दौरे पर उठाए सवाल



**रीवा (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आज रीवा में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धार दौरे पर सवाल उठाते हुये कहा कि प्रदेश का किसान रो रहा है, लाठी खा रहा है, उसके आंसुओं पर मोदी जी जन्मदिन कैसे मना सकते हैं...? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आज धार आए और 'चार स्तंभ' की बड़ी-बड़ी बातें की लेकिन उन 'चार स्तंभों' की जमीनी सच्चाई ये है? सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री नारी शक्ति पर बोले, मगर मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ते महिला अपराधों और लाड़ली बहनों के 3000 रुपए पर पर एक शब्द नहीं कहा। युवा शक्ति की बात की लेकिन मध्यप्रदेश के युवाओं के रोजगार संकट में हैं। प्रदेश के युवाओं की जगह बाहरी लोगों को रोजगार मिल रहे हैं मगर प्रदेश के युवाओं को नहीं। किसान कल्याण की बात की मगर किसानों को खाद नहीं मिल रही, और लाठी खानी पड़ रही है उस पर प्रधानमंत्री ने चुप्पी साध ली। गरीब कल्याण की बात की मगर बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने की बात नहीं की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ओबीसी को आरक्षण देने की बात नहीं करते। उन्होंने किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसान खाद के लिए लाठी खा रहा है, मोदी जी मध्यप्रदेश के किसानों के आंसुओं पर कैसे जन्मदिन मना सकते हैं?

## 'धीरा' को जल्द देख सकेंगे पर्यटक

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश के गांधीसागर वन्य जीव अभ्यारण्य में कूनो अभ्यारण्य से लाए गए मादा चीता 'धीरा' को छोड़ा गया। यह कूनो अभ्यारण्य से लाए गए चीतों के बाद एमपी में चीतों का दूसरा स्थायी केंद्र बन रहा है। वन विभाग ने धीरा को नए वातावरण में ढलने के लिए पर्याप्त शिकार और विशेष बाड़े में रखा। जाली से बाहर निकलते ही चीता 'धीरा' तेजी से भागी, जिसे वन विभाग की टीम ने कैमरे में कैद किया। चीता परियोजना के तहत धीरा को गांधीसागर अभ्यारण्य में छोड़ा गया। वन विभाग की टीम ने उसे विशेष तैयार बाड़े से आजाद किया ताकि वह नए वातावरण में आसानी से ढल सके। वन अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल सिर्फ एक ही चीते को छोड़ा गया है, जबकि भविष्य में कुछ और चीतों को धीरे-धीरे यहां लाकर छोड़ा जाएगा। तीन साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कूनो अभ्यारण्य में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को छोड़ा था। इसके बाद कूनो में चीतों का कुनबा बढ़ा और अब गांधीसागर भी चीतों की स्थायी बसाहट का केंद्र बन जाएगा।

### कूनो के बाद चीतों का नया ठिकाना बनेगा गांधीसागर अभ्यारण्य



## खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर सीजेआई की टिप्पणी से विवाद, वकीलों ने लिखा खुला पत्र

नई दिल्ली



खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की टिप्पणियों पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है. वकील विनीत जिंदल के बाद अब वकील सत्यम सिंह राजपूत ने भी खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर की गई जस्टिस गवई की टिप्पणियों का विरोध करते हुए चीफ जस्टिस गवई को खुला पत्र लिखा है. वकील सत्यम सिंह ने सीजेआई से इन टिप्पणियों पर पुनर्विचार कर वापस लेने और सभी धार्मिक समुदायों का विश्वास बहाल करने के लिए उचित स्पष्टीकरण जारी करने की गुजारिश की है. उन्होंने लिखा है कि भगवान विष्णु के एक समर्पित फॉलोअर के रूप में मैं व्यक्तिगत रूप से इन टिप्पणियों से स्तब्ध हूं. लाखों हिंदुओं की भगवान विष्णु के प्रति आस्था और भक्ति केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं है, बल्कि उनके आध्यात्मिक अस्तित्व और सांस्कृतिक पहचान का आधार है. वहीं, विनीत जिंदल ने अपने पत्र में लिखा है, मैंने सनातन धर्म का अनुयायी होने के नाते ये पत्र सीजेआई को लिखा है. उनसे भगवान विष्णु और सनातनी आस्था के विरुद्ध उनके आपत्तिजनक वक्तव्य को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है. इस पत्र की एक प्रति माननीय भारत के राष्ट्रपति को भी भेजी गई है, जिससे यह विषय राष्ट्रीय स्तर पर संज्ञान में लिया जाए. मेरी आशा है कि सर्वोच्च न्यायालय और माननीय राष्ट्रपति इस मामले को गंभीरता से लेंगे और भारत में प्रत्येक धर्म की गरिमा को बनाए रखेंगे.

### क्या है पूरा मामला ?

खजुराहो के प्रसिद्ध जावरी मंदिर में स्थित भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की मरम्मत और रखरखाव करने का आदेश देने की गुहार वाली अर्जी पर चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने यह कहते हुए सुनवाई से इंकार कर दिया कि यह विषय अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं बल्कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन आता है. इसी दौरान सीजेआई गवई ने चुटकी लेने के अंदाज में टिप्पणी की कि अब तो आप स्वयं भगवान से ही प्रार्थना कीजिए. आप कहते हैं कि आप भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हैं, तो अब उन्हीं से प्रार्थना कीजिए।

### कंगना ने हिमाचल के मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी ठोकी



**मंडी।** मंडी से सांसद बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने बुधवार को एक बयान देकर हिमाचल प्रदेश की राजनीति में खलबली मचा दी है। कंगना ने अगले चुनाव में हिमाचल की मुख्यमंत्री बनने की बात कही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भाजपा अगले चुनाव में उन्हें मुख्यमंत्री चेहरा बना सकती हैं। इस पर कंगना ने कहा- मुझे जिस काम में लगाया जाएगा, जो काम मुझे दिया जाएगा, वह मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से पूरा करने की कैपेबिलिटी रखती हूं। कंगना ने आगे कहा कि उनके घर के लोग जानते हैं कि कंगना जो ठान लेती है, वह कर दिखाती है। कंगना के इस बयान को सियासी गलियारों में मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी जताने वाला बताया जा रहा है। इससे भाजपा खेमे में भी खलबची है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में भी कंगना की एंट्री ने उन्हें सभी को चौंका दिया था। इससे पहले, कंगना एक पॉडकास्ट में केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह की बात कह चुकी हैं। कंगना रनोट आज मंडी के सेरी मंच में यज्ञ दिवस पर विश्व शांति और प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए कराए गए यज्ञ में शामिल होने पहुंची थीं। इसमें कंगना के अलावा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी शामिल हुए।

## वायु प्रदूषण: क्या दिल्ली फिर बनेगी गैस चेम्बर?

### सुप्रीम कोर्ट ने 5 राज्यों से 3 हफ्ते में मांगा एक्शन प्लान

नई दिल्ली



सर्दियों में दिल्ली को गैस-चेंबर बनने से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निर्देश दिया कि वे सर्दियों से पहले तीन हफ्तों के भीतर वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपाय पेश करें। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण बोर्डों में खाली पड़े पदों को भरने से संबंधित एक स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रही थी और देरी के लिए उन्हें फटकार लगाई। पीठ ने सीएक्यूएम से कहा कि वह सीपीसीबी, संबंधित राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करे ताकि प्रदूषण को रोकने के लिए एक ठोस योजना बनाई जा सके और यह तीन सप्ताह के भीतर किया जाए। पीठ ने सीएक्यूएम से एक रिपोर्ट मांगी और मामले की सुनवाई 8 अक्टूबर के लिए तय की। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब सहित सीएक्यूएम, सीपीसीबी को तीन महीने के भीतर खाली पदों को भरने का निर्देश दिया। हालांकि, इसने सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में पदोन्नति के पदों को भरने के लिए छह महीने का समय दिया।

### पराली जलाने वालों की गिरफ्तारी क्यों नहीं: सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं।

# भोलहरा हायर सेकण्ड्री स्कूल में कम्प्यूटर क्रय में हुआ गड़बड़झाला

## निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग

## लाखों का घोटाला, सूचना अधिकार के तहत जानकारी न देकर किया जा रहा गुमराह




ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

शिक्षा विभाग मे घोटाला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नित नये नये कारनामा सामने आ रहा है इसके बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के बजाय चुप्पी साधे हुए है। आरोप है कि ब्लाक शिक्षा केंद्र ब्यौहारी अंतर्गत भोलहरा हायर सेकंड्री स्कूल मे वर्ष 2024-25 मे व्यवसायिक मद अंतर्गत 5 लाख 69 हजार 800 मे कम्प्यूटर क्रय किया गया है जिसमें स्कूल के प्रचार्य ने जमकर गड़बड़ झाला किया है।

***भंडार क्रय नियमों की अनदेखी***- भोलहरा हायर सेकंड्री स्कूल मे प्रचार्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 मे जो कम्प्यूटर क्रय किया गया है उसमे भंडार क्रय नियमों का पालन न किये जाने की खबर है। सूत्रों का कहना है कि अनैतिक रुप से लाभ कमाने के चक्कर मे प्रचार्य द्वारा कम्प्यूटर क्रय करने हेतु टेंडर नहीं किया गया है। घटिया क्वालिटी का कम्प्यूटर बाजार से क्रय कर शासकीय राशि का ख्यानात किया गया है, हकीकत क्या है जांच से पता चल सकता है किन्तु सूचना अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी तो यही बंया कर रही है।

***जांच के बाद भ्रस्टाचार से हट सकता है पर्दा***- सूत्रो का दाबा है कि यदि कम्प्यूटर खरीदी की जांच हुई तो कई चौकाने वाले राज सामने आ सकते है। पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इसकी निष्पक्ष जांच होगी या फिर अन्य मामलो की तरह इसे भी जांच के फेर मे दबा दिया जायेगा। मामले को लेकर लोगो मे तरह-तरह की चर्चाए हो रही है। चर्चा यह भी है कि क्या शिक्षा विभाग मे भंडार क्रय नियम लागू नही होता है, यदि लागू होता है तो फिर प्रचार्य द्वारा इसका पालन क्यों नहीं किया जा रहा है?

***अंकित कम्प्यूटर भोलहरा स्कूल का बना कार्यालय***- सूचना अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी से उक्त बात का खुलासा हुआ है कि भोलहरा हायर सेकंड्री स्कूल प्रचार्य ने स्कूल का कार्यालय अंकित कम्प्यूटर के यंहा बना रखा है ऐसा हम नहीं प्राचार्य द्वारा दिये गये दस्तावेज बंया कर रहा है। क्योंकि सूचना अधिकार के तहत चाही गयी जानकारी के लिये प्रचार्य ने आरटीआई कार्यकर्ता को अंकित कम्प्यूटर मे राशि जमा कर जानकारी लेने का निर्देश दिया गया है इससे यह प्रतीत होता है कि भोलहरा स्कूल के प्रचार्य ने स्कूल का कार्यालय अंकित कम्प्यूटर मे बना रखा है।

### इनका कहना है

भंडार क्रय नियम हर विभाग मे लागू है और क्रय समिति भी हर स्कूलों मे अलग-अलग बनी है। क्रय समिति के अनुसंसा पर ही सामग्री क्रय किया जाता है। भोलहरा हायर सेकंड्री स्कूल मे भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किया गया है तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**ब्रम्हानंद श्रीवास्तव**
**ब्लाक शिक्षा अधिकारी ब्यौहारी**

# डॉ.राधेश्याम नापित को मिला 2024 का गुणाकर मुले राष्ट्रीय सम्मान एवं 5 लाख रुपए का पुरस्कार

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)

डॉ.राधेश्याम नापित का जन्म 5 जुलाई 1972 में एक ग्रामीण नापित परिवार हुआ है जीवन बहुत संघर्षमय था पढ़ाई के लिए घर से निकल कर बी.एस.सी, की पढ़ाई करने के लिए गांव से शहर आए और एम.एस.सी. की पढाई के लिए शहर में एक फैक्टरी में छोटी आरी से पानी डाल डाल कर लोहा काटना, रबर की पाइप को मास्क लगाकर काटना, मालिक की भाषा थी क्यों बे राधेश्याम आगया काम पर भैया उस भाषा की पीडा को बता नही सकता ओवर टाइम तक काम करना मेहनत और लगन से पढ़ाई की वह भूख ने ट्रक बस के ड्राइवरों के मेहनत को देख कर खुद को समझाना और समाज, देश सेवा भाव पैदा करना कि हजारो किलोमीटर की यात्रा कर ठंडी, गर्मी बरसात साथ में रात दिन जागकर लगातार चलते रहना और मंजिल तक पहुंचना मेरे जीवन के सबसे बडे उदाहरण ने मुझे उठाया और जगाया। सडक पर रात्रि में सफाई, स्वच्छाता करने का कार्य करने वाले लोगों को देखकर उनके अनेके कष्टो को महसूस कर, मैने समझा कि लक्ष्य जितना बडा होगा मेहनत उसी के अनुसार करनी पडेगी। गरीबी बेकारी को दूर करने के लिए एक ही सूत्र है वह है अध्ययन। उपरोक्त इमानदारी से सेवा भाव ने सोने नहीं दिया। यह मन की उच्च लालशा ने सारे कठिनाई के पहाड को चीरते हुए फिर एम.एस.सी. की पढ़ाई और पी.एच.डी. की डिग्री ली कठिनाईयों के बहुत कहानिया है। मुश्किलों का सामना करना आदत पड़ा गया था नकारात्मक प्रभाव को सकारात्मक कार्य मे बदलना और अभाव, बेकारी के महासागर से उबरने के लिए एक सूत्र था पढ़ाई के लिए मेहनत। दर दर की ठोकर, बेज्जती को सहन कर पढ़ाई पूरी की, प्राइवेट महाविद्यालय में मौखिक परीक्षा पास कर 1000 रूपए महीने में पढाना प्रारम्भ किया। कम तनख्वाह मे भी अध्यापन कराना उत्साह के साथ, पर वहां पर धोखेबाजी मिली, पर हार नहीं माना, उसके बाद ईश्वर का सहारा मिला, शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर मे अतिथि विद्वान के रूप में पढाने का अवसर मिला कई वर्षों तक का संघर्ष रहा। भगवान शिव के रूप मे एक देव रुप महान पुरुष एवं व्यक्तित्व मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान ने सहायक प्राध्यापक भर्ती निकाल कर मेहनती गरीब परिवार के भटके लोगों को एक मुख्य धारा से जोड़ा, उनमे से मै भी हूं।, वनस्पति शास्त्र की पुस्तक संख्या 8, (500 पेज से ऊपर की प्रत्येक पुस्तक), एडिट पुस्तक 6, अंतर्राष्टीय शोध पत्र प्रकाशित 20, (02 शोध पत्र प्रकाशित आक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के एकेडेमिया प्रेस में), राष्टीय शोध पत्र प्रकाशित 6, अंतर्राष्टीय शोध पत्र बाचन किया 10, राष्टीय शोध पत्र बाचन किया 20, वर्कशाप 02, अन्तर्राष्टीय वेबिनार कराया (आयोजन सचिव) 01, अंतर्राष्टीय सेमीनार कराया 1, राष्टीय वेबिनार कराया 03, पी.एच.डी में मार्गदर्शन 02, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी 4 वर्षो से। एक स्वयंसेवक बुढार महाविद्यालय का इतिहास रचा नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड किया मेरे मार्गदर्शन में डॉ.राधेश्याम नापित का कहना है कि यह राष्टीय सम्मान का मै अकेला हकदार नहीं हूँ इसमें उनके माता पिता, परिवार, गुरुओं में डॉ.दर्शनठाकुर मां स्वरुप, डॉ. संतोष कुमार मिश्रा, डॉ. अमित निगम छात्रावास मुहैय्या कराये, डॉ. भरत सरण सिंह दादा ने जीवन जीने की शैली दिये, प्राचार्य डॉ. आर.सी. मिश्रा, डॉ. एस.के. सक्सेना, और डॉ. मुकेश तिवारी ने , डॉ. धर्मेद्र द्विवेदी भैया ने (सहारा दिया), डॉ. विनय सिंह ने (मदद किये), डॉ. के कुमार, (अंतिम गुरु के रूपमें, सहायक प्राध्यापक बनने मे, ढूबते का सहारा बने), डॉ.एन.के. श्रीवास्तव (पुस्तक में मदद किये) आप लोगों ने साक्षात ईश्वर बनकर मेरे जीवन को एक नया जीवन दिया और पं शम्भू नाथ शुक्ला शासकीय महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्गो, एवं मित्रों का सहयोग प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में मेरे इस सफतम जीवन के सफर में बहुत बड़र योगदान रहा है।

# दूरदर्शन की 66वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तत्वावधान में सोमवार को दूरदर्शन की 66वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत में टेलीविजन की शुरुआत, उसकी यात्रा और सामाजिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहारा, वाराणसी के मुख्य संपादक विभूति नारायण चतुर्वेदी ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर छात्रों को संबोधित किया। विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्रा, प्रो. मनीषा शर्मा और डॉ. वसु चौधरी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर विभाग के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कई गतिविधियों का आयोजन किया। इनमें टीवी के इतिहास और कलाकारों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता, रैंप वॉक, डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, वीडियो एवं फोटो वॉल शामिल रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्रा ने छात्रों को टेलीविजन की यात्रा और उसकी सामाजिक भूमिका के बारे में अवगत कराया तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया। प्रो. मनीषा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों की रचनात्मकता सामने आती है और उन्हें सीखने का बहुमूल्य अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान निलेश प्रजापति एवं शुभांशु मिश्रा, द्वितीय स्थान काजल राठौर एवं संध्या राठौर तथा तृतीय स्थान पावनी ताम्रकार एवं तान्या गुप्ता ने प्राप्त किया। इसके अलावा अंजली, श्रीश, प्रियांशी एवं दीक्षा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पं. शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में लैंगिक संवेदनशीलता एवं समानता विषयक कार्यक्रम

शहडोल (स्वतंत्रमत)




पं. शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो रामशंकर के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से भूगोल विभाग द्वारा पी एम ऊषा के तत्वावधान में च्लैंगिक संवेदनशीलता एवं लैंगिक समानताज्ञ विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर शहडोल की परिसर प्राभारी डॉ. गीता सराफ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लैंगिक समानता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त लैंगिक असमानताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सकारात्मक पहल आवश्यक है। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष तथा सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लैंगिक असमानताओं के कारणों तथा उनके निवारण के उपायों की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, संगोष्ठी, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों हिंदी, विज्ञान, वाणिज्य, विधि, राजनीति, समाजशास्त्र एवं भाषा विभाग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लैंगिक समानता के विविध पहलुओं पर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। बी.ए. अंतिम वर्ष (भूगोल) की छात्राओं ने स्व-रचित नाटक एवं गीत की प्रस्तुति देकर सबका ध्यान आकर्षित किया।

# ग्रामीण विकास कार्यों में बाधा, सरपंच संघ ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश सरपंच संघ ने पंचायती राज को सशक्त करने एवं ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने के लिए अपनी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष फूलसिंह मरकाम, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दीपचंद पुषाम, जिला सचिव राजकुमार आर्मो एवं अन्य सरपंचों ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में किए गए संशोधनों से ग्रामीण मजदूरों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरी आधारित योजनाओं पर लगाए गए नए दिशा-निर्देशों को निरस्त कर पूर्व की भांति योजना संचालन की अनुमति दी जाए।

संघ ने मांग की है कि नरेगा में प्रगतिशील कार्यों की सीमा 20 से बढ़ाकर 50 की जाए, साथ ही ग्राम पंचायतों में आवश्यकता अनुसार चेक डैम, स्टॉप डैम, तालाब, पुलिया एवं ग्रेवल रोड जैसी संरचनाओं को स्वीकृति मिले। इसके अलावा सीमेंट क्रांक्रीट रोड को भी नरेगा में शामिल करने की अनुमति दी जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि मजदूरी समय पर न मिलने से मजदूरों को मजबूरन केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं हैदराबाद जैसे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। पंचायतों में मुरूम, बोल्डर और डस्ट जैसी सामग्री के उपयोग की भी अनुमति देने की मांग की गई है।

संघ ने यह भी कहा कि कई ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों की जमीन अन्य पंचायत क्षेत्रों में आती है, जिससे योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है। इसलिए तालाब, मेंढ़ बांध और कपिल धारा कूप जैसी योजनाओं को वास्तविक हितग्राही के ग्राम में ही स्वीकृत किया जाए।

ज्ञापन में शासन से मांग की गई है कि ग्रामीण मजदूरों और हितग्राहियों के हित को ध्यान में रखते हुए इन मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

# वनाधिकार अधिनियम को लेकर विमर्श 50 गांवों में खड़ा होगा स्थानीय नेतृत्व

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जिले के होटल अनुराग रेजीडेंसी में मंगलवार को वसुंधरा संस्था के नेतृत्व में सपोर्ट नेटवर्क्स एवं एलाइंस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के इतिहास, व्यक्तिगत वन अधिकार (आईएफआर), सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संस्थानों और नेटवर्क्स के बीच समन्वय स्थापित कर कम से कम 50 गांवों में स्थानीय नेतृत्व तैयार करना रहा, ताकि ग्राम स्तर पर एफआरए संबंधी जानकारी का प्रसार और जागरूकता अभियान को गति दी जा सके। मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल श्रीवास्तव ने एफआरए के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, वन अधिकार अधिनियम समुदायों की ताकत है। यदि ग्राम स्तर पर सही नेतृत्व और समझ विकसित हो तो सीएफआर और सीएफआरआर प्रक्रिया से गांवों को स्थायी हकदारी मिल सकती है। इस अवसर पर समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएँ सामने रखीं। इंदरपाल मरकाम ने कहा कि, वनग्राम की सीमा निर्धारण को लेकर गांवों में कई अस्पष्टताएँ हैं। जब तक प्रशासन सीमाएँ स्पष्ट नहीं करेगा, तब तक सीएफआर के दावे लागू नहीं हो पाएंगे। वहीं शिवचरण ने सीएफआरआर प्रक्रिया की धीमी गति पर असंतोष जताते हुए कहा कि, ग्रामसभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद भी कागज़ी कार्यवाही में अनावश्यक देरी हो रही है। प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में जिले के विभिन्न नेटवर्क्स, सहयोगी संगठनों और ग्राम प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# भाजपा के नए जिला महामंत्री ठाकुर का राजपूत समाज ने किया भव्य स्वागत



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी की हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी में लक्ष्मण सिंह ठाकुर को जिला महामंत्री बनाए जाने पर मंगलवार को समनापुर तिराहा स्थित वीर दुर्गादास राठौर प्रांगण में राजपूत राठौर समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं युवाओं की भारी उपस्थिति रही।

स्वागत समारोह के दौरान ठाकुर को फूलमालाओं से सम्मानित किया गया, वहीं प्रांगण आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों ने कहा कि पार्टी ने एक योग्य एवं कर्मठ नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर संगठन को मजबूती देने का कार्य किया है। उन्होंने ठाकुर की राजनीतिक सक्रियता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज को गौरवान्वित करेगा। स्वागत से अभिभूत लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि जिला महामंत्री का पद उनके लिए गर्व और चुनौती दोनों है। उन्होंने समाज एवं पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएँगे। ठाकुर ने युवाओं से राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया तथा कहा कि संगठन की शक्ति जनता की सेवा में समर्पित होगी और समाज की हर समस्या को प्राथमिकता से हल करने का प्रयास किया जाएगा।

# कुएँ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में मचा हड़कंप, हत्या की आशंका

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गांव के पास बने एक कुएँ के अंदर अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। शव की हालत क्षत-विक्षत बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। सूचना मिलते ही गाड़ासरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएँ से बाहर निकलवाने की कार्यवाही शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को कुएँ में फेंका गया है। मृतक की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह कुएँ से बदबू आने पर लोगों ने झांककर देखा तो अंदर शव पड़ा हुआ था।

# प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बरगांव स्वास्थ्य केंद्र में विशेष शिविर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी ङ्क सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू, पूर्व सरपंच नत्थूलाल साहू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित पटेल, सुपरवाइजर रामलाल साहू, ड्रेसर नंदूलाल साहू, स्टाफ नर्स स्वाती सैयाम, वार्ड बाय राकेश बैगा एवं एएनएम मंजूलता साहू उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई और नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्रामीणों को एनीमिया, पोषण, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल सहित महिला स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू ने कहा- महिलाओं और किशोरियों को अस्पताल में समय-समय पर जांच अवश्य करवानी चाहिए, ताकि बीमारियों की पहचान समय रहते हो सके और उनका इलाज सरल हो। वहीं, सुपरवाइजर रामलाल साहू ने कहा- स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। यदि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य सुविधा और पोषण मिलेगा तो पूरा समाज स्वस्थ और मजबूत बनेगा। ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

# सेवा का जुनून...दान में दिया खून

## स्कूली विद्यार्थियों से लेकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सभी ने किया रक्तदान





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जबलपुर में रक्तदान महादान का आयोजन किया जा रहा है। जिले भर विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इन शिविरों में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साह देखने लायक था।

कई प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अभियान में योगदान दिया। विक्टोरिया अस्पताल इस अभियान का एक प्रमुख केंद्र रहा, जहां विशेषकर महिला कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें मुस्लिम समुदाय की छात्राएं भी शामिल थीं, जिन्होंने रक्तदान किया।

### शिक्षकों ने बताया रक्तदान का महत्व

हितकारिणी महाविद्यालय की छात्रा स्वाति पटेल ने बताया कि उन्हें पहले रक्तदान के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। जब मेरे शिक्षकों ने इसके महत्व के बारे में बताया, तो मैंने रक्तदान करने का फैसला किया। अगर मेरे खून से किसी की जान बचती है, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत सभी 13 रक्तदान शिविरों में 2124 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ है। कलेक्टर ने कहा हमने 5000 यूनिट का लक्ष्य रखा था और जिस तरह से युवा आगे आ रहे हैंए उससे हमें उम्मीद है कि यह लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा। कॉलेज के फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर के छात्र भी बड़ी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं, जिनमें कई पहली बार रक्तदान कर रहे हैं।



## मियावाकी पद्धति से किया जा रहा नमो उपवन का विकास

**जिले में अनूठी पहल, नर्मदा किनारे ग्राम सगड़ा उपवन के विकास की शुरुआत**

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मंगलवार 17 सितंबर से प्रारंभ हुये सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले ने नवाचार के तौर पर मियावाकी पद्धति से नमो उपवन के विकास की शुरूआत कर अनूठा और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। पर्यावरण सरंक्षण को दिशा में प्रदेश भर में अपनी तरह के इस अनूठे नवाचार के तहत माँ नर्मदा के पावन तट पर बसे जनपद पंचायत जबलपुर के ग्राम सगडा झपनी में 26 हजार वर्गफुट भूमि पर विकसित किये जा रहे नमो उपवन में मियावाकी पद्धति से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत पर मंगलवार की सुबह पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विवेक पटेल, जनपद पंचायत जबलपुर के अध्यक्ष चंद्र किरण गिरी, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गेहलोत तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये।

### क्या है मियावाकी पद्धति

मियावाकी पद्धति एक वैज्ञानिक पौधारोपण तकनीक है, जिसे जापान के प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ अकीरा मियावाकी ने विकसित किया। इस पद्धति का उद्देश्य प्राकृतिक वनों की तरह घने, आत्मनिर्भर और जैव विविधता से परिपूर्ण जंगल तैयार करना है। इस पद्धति में भूमि की गहरी खुदाई कर उसमें जैविक खादए गोबर खाद और कम्पोस्ट मिलाया जाता है। फिर 3 पौधे प्रति वर्ग मीटर की घनत्व से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। नियमित सिंचाई, मल्चिंग और रखरखाव के कारण 2-3 वर्षों में पौधे पूरी तरह विकसित होकर घना जंगल तैयार कर देते हैं। इस पूरे क्षेत्र में तार फेंसिंग की गई है। इसमें से 26 हजार वर्ग फीट में मियावाकी तकनीक से कुल 6 हजार 990 पौधे रोपे गये हैं। इन पौधों में 2 हजार 330 पौधे सीताफल, नीम, जामुन, आम, अर्जुन, गुलमोहर, इमली, कदम, गुलर, शीशम प्रजाति के 2 हजार 330 पौधे कचनार, झारूल, करंजी, आवंला, मौलश्री, अमलतास, कनेर टीकोमा, बाटलब्रश, बेल प्रजाति के तथा 2 हजार 330 पौधे चांदनी, चमेली, मधुकामनी, कनेर मोगरा, मेंहदी,गंधराज, मधुमालती, कलिंद्रा, देसीरोज प्रजाति के रोपे जा रहे हैं। इस प्रकार यहाँ कुल 6 हजार 990 पौधे शामिल हैं।

## भाजपा द्वारा गुजराती मंडपम में शिविर का आयोजन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं वार्ड स्तर पर पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय जनों की उपस्थिति रहे। इसी कड़ी में संगठन द्वारा दो स्थानों गुजराती मंडपम सिविक सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमे 780 पंजीयन हुए और 230 युवाओं ने रक्तदान कियाए इसी के साथ इंडियन कॉफी हॉउस के कर्मचारियों ने भी शिविर में आकर रक्तदान किया।

## रक्तदान मानव द्वारा किए गए सर्वश्रेष्ठ दानों में से एक

**संत अलॉयसियस महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन**

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस रेड क्रॉस, रेड रिबन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना था। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फा. जेबेन एंटोन रोस ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान मानव द्वारा किए गए सर्वश्रेष्ठ दानों में से एक है जो किसी अन्य मानव को आपात स्थिति में नवजीवन प्रदान करता है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान करने वालों विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वल्पाहार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर का शुभारंभ आशीष दुबे सांसद, सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, अशोक रोहाणी विधायक, अभिलाष पाण्डेय विधायक, जगत बहादुर अन्नू महापौर, राघवेन्द्र सिंह कलेक्टर, डॉ फा जेबे एंटोन रोस प्राचार्य अलॉयसियस महाविद्यालय सहित रत्नेश सोनकर, अश्विनी परांजपे, रिंकु विज, माईकल कपूर की उपस्थिति में किया गया। शिविर के अंतर्गत 319 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में महाविद्यालय की कोर कमेटी डॉ मेजर सोनल रॉय, डॉ अखिलेश पाठक, डॉ श्वेता लिखितकर, डॉ प्रियंका सिन्हा सहित डॉ अमिता जैन एवं टीम का सहयोग सराहनीय रहा।

## विधायक-एसडीएम समेत 75 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



विधायक नीरज सिंह बरगी विधानसभा और एसडीएम शाहपुरा के मार्गदर्शन एवं सीबीएमओ डॉक्टर सीके अतरौलिया के निर्देशन में बुधवार को सीएचसी शहपुरा में विशाल रक्तदान शिविरए विश्व हृदय दिवस जागरूकता माह दिवस कैंप एवं सशक्त नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। विधायक बरगी नीरज सिंह द्वारा भी शाहपुरा सीएचसी में रक्तदान किया गया। इसमें सभी उम्र की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा। विश्व हृदय दिवस जागरूकता माह के अंतर्गत 9 सितंबर से 29 सितंबर तक हृदय रोग से संबंधित बच्चों की जांच सीएचसीए पीएचसी में निशुल्क की जाएगी, जिसमें ऐसे बच्चे जिनकी सांस फूलती है सीने में दर्द रहता है, वजन नहीं बढ़ता जल्दी थक जाते हैं, बच्चों के होंठ तथा नाखून नीले पड़ जाते हैं या जिन बच्चों को पूर्व में हृदय रोग की समस्या थी, सभी बच्चों को चिन्हित कर निशुल्क उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में रेफर किया जाएगा। इनका संपूर्ण इलाज मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क किया जाएगा। आज लगभग 75 लोगों ने रक्तदान किया। बरगी विधानसभा के विधायक ठाकुर नीरज सिंह एसडीएम शाहपुरा ने भी रक्तदान कर समाज में रक्तदान की महत्वता के बारे में जागरूक करने का कार्य और वृक्षारोपण भी अस्पताल परिसर में किया गया। इसके उपलक्ष में आज फील्ड से आए हुए महिलाओं, बच्चों की जांच की गई। टीम में डॉक्टर अमित जैन, आकांक्षा साहू, राकेश त्रिपाठी, उमेश मुद्गल, संतोष डहरिया, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग द्वारा समस्त हितग्राहियों की जांच एवं प्रबंधन किया किया गया।



## हिंदी पखवाड़े का हुआ आयोजन

**जबलपुर।** हितकारिणी विज्ञान वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय देवताल गढा में हिंदी पखवाड़ा आयोजन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश चंद्र पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्धघाटन किया इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र भी उपस्थित हुए। हिंदी पखवाड़ा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व विषय में महत्वपूर्ण जानकारी अंजना मिश्रा ने दी कार्यक्रम के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा इसके परिपेक्ष्य में स्वरचित काव्य पाठ निबंध लेखन एवं अनेक काव्य प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत की। महाविद्यालय के विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए प्राचार्य पांडे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। इसमें भी उपनिषद महाकाव्य पुराण आयुर्वेद गणित खगोल शास्त्र दर्शन आदि सभी का समावेश है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जो विश्व को भी प्रभावित करती है। हिंदी के महत्व पर बताया कि युवाओं को हिंदी से जोड़ना एवं हिंदी का प्रचार प्रसार करना वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। जिससे इसे विश्व भाषा का रूप दिया जा सके। उन्होंने बताया कि हिंदी में अनेकार्थी शब्द होते हैं, इसलिए शब्दों के चयन का ध्यान रखना चाहिए प्रत्येक शब्द को अलग-अलग संबंध सूचक के नाम से व्यक्त किया जाना चाहि। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ ममता पाठक ने कहा कि हिंदी भाषा अनेक भाषाओं को समाहित करती है, इसलिए इस भाषा को उपयोग करते समय हमें व्याकरण का उपयोग भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पुष्पा शुक्ला ने कहा हिंदी हमारी आत्मा की भाषा है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है। कार्यक्रम संचालन डॉ. पुष्पा शुक्ला हिंदी विभाग ने किया एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती अंजना मिश्रा द्वारा किया गया।

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में नवप्रवेशी छात्राओं के लिए धूमधाम से फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जिस उद्देश्य से महाविद्यालय में प्रवेश लिया हैए उस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को दिशा प्रदान करें। तभी आप समाज में एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर पाएंगी। उन्होंने तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को इंटर्नशिप पर जाने की बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दीं और कहा कि श्आप अपने शिक्षण क्षेत्र का कार्य अनुभव लेने के लिए जा रही हैं, जिसे पूरी मेहनत और शिद्दत के साथ निभाना है। फ्रेशर्स पार्टी में नवप्रवेशी छात्राओं के लिए रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर और मिंगल जैसी रोचक प्रतियोगिताएँ शामिल थीं।

### प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

रैंप वॉक में बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महिमा भारती विजेता रहीं और उन्हें मिस फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिवानी गुप्ता विजेता बनीं। मिंगल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रश्मि तंतुवे, कशिश चौरसिया और स्नेहा सिंह सोनी के समूह को प्राप्त हुआ। मिस डांस दीवा का खिताब बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अर्चना कुमारी को मिला, वहीं मिस फैशनिस्टा का खिताब रिया कुशवाहा को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ निरुपमा पाठक, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ रश्मि शुक्ला, श्रीमती जया सामदेकर, डॉ निधि माथुर, श्रीमती ज्योति शर्मा, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, श्रीमती प्रेमलता चौबे, श्रीमती सुधा चौधरी, विजय दहायत एवं श्रीमती रीना यादव उपस्थित रहे।

## पॉश कॉलोनी में चोरों ने मचाया उत्पात

### राजुल ड्रीम सिटी की घटना, हथियारों के साथ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**जबलपुर।** गोहलपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत शहर के पॉश कॉलोनी में हथियारबंद बदमाशों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब शहर से बाहर गया परिवार लौटकर आया और घर के दरवाजे खुले देखे। मकान मालिक ने तुरंत गोहलपुर थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची और कॉलोनी के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें पांच से ज्यादा बदमाश हथियारों के साथ घूमते दिखाई दिए। सभी ने चेहरों को कपड़े से ढक रखा थाए जिसके चलते उनकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना 13 सिंतबर शनिवार रात की बात जा रही है।

### बाहर गया था परिवार

परिवार के शहर से बाहर होने का फायदा उठाकर चोरों ने डुप्लेक्स को निशाना बना लिया। गोहलपुर राजुल सिटी स्थित डुप्लेक्स क्रमांक 127 में लवेश जगवानी अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। मकान उनकी मां अलका जगवानी के नाम पर है, जो अपने पति के साथ कटनी में रहती हैं। 12 सिंतबर की सुबह लवेश बालाघाट के लिए कार से रवाना हो गएए वहीं उनकी पत्नी मायके चली गई थी। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। 16 सिंतबर मंगलवार की दोपहर पड़ोसी वर्षा पांडे ने फोन कर अलका जगवानी और लवेश को चोरी की सूचना दी।

खबर मिलते ही अलका जबलपुर पहुंचीं और देर रात करीब 10 बजे बेटा लवेश भी लौट आया। इस बीच आसपास के लोगों ने गोहलपुर पुलिस को भी जानकारी दे दी थी। लवेश जगवानी ने बताया कि अज्ञात चोर अलमारी तोड़कर करीब 35 तोला सोने के जेवर, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। परिजनों का कहना है कि घटना की शिकायत दर्ज हुए कई दिन बीत चुके हैं और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दिए गए हैं,

## सड़क पर जमे अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्यवाही



**जबलपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा बुधवार को साई मंदिर से कृषि उपज मंडी होते हुए दीनदयाल चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण विभाग के दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि साईं मंदिर से लेकर दीन दयाल चौक तक अवैध रूप से ठेले-टपरे वालों ने अतिक्रमण कर लिया था। जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता था। जिस पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण दल द्वारा ठेले टपरे अलग करने जब्ती की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 50 ठेले टपरे अलग करवाएं गए । लगभग 10 ठेले टपरे जप्त किए गए। कार्यवाही में उपस्थित अतिक्रमण दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी, रेड जोन प्रभारी अंकित पारस और उनकी टीम उपस्थित रही।



## हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

**जबलपुर।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया गया। पूजन उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हितकारिणी सभा के प्रभारी अधिकारी सुबोध दुबे सहित प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स गूगल लिंक से भर सकते हैं अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना फार्म

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने अपने पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को बिजली कंपनियों की कैशलेस स्वास्थ्य योजना का लाभ देने के लिए व्यापक इंतजाम किये है। एमपी ट्रांसको के पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स विश्व के किसी भी कोने से गूगल फॉर्म लिंक के द्वारा भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं । एमपी ट्रांसको ने परिवार के सदस्यों के लिए एक हेल्पडेस्क की व्यवस्था भी की है, जहां से आवश्यक जानकारी परिवार के सदस्य प्राप्त कर सकते है। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने बताया कि कंपनी के 4520 पेंशनर्स के लिए आवश्यक फॉर्म वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिये गये है और इसके अलावा एक समर्पित ईमेल भी क्रिएट किया गया है जिसमें फॉर्म भेजे जा सकते है।

## एचएलएल इंफ्राटेक पर 50 हजार का अर्थदण्ड

### चूहों द्वारा मरीजों के पैर कुतरने का मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।





नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज में पेस्ट कंट्रोल एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसिस लिमिटेड पर अस्पताल अधीक्षक द्वारा 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। ज्ञात हो कि मेडीकल कॉलेज में मरीजों के चूहों द्वारा पैर कुतरने का मामला सामने आने के बाद कल मंगलवार की रात कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज पहुँचकर मनोरोग विभाग का निरीक्षण किया था। कलेक्टर श्री सिंह ने इस मामले में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अस्पताल अधीक्षक को दिए थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा द्वारा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अस्पताल की सफाई व्यवस्था एवं पेस्ट कंट्रोल में लापरवाही बरतने पर अर्थदंड अधिरोपित करने के जारी आदेश में कहा गया है कि अर्थदंड की राशि कंपनी के देयक से वसूल की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि अस्पताल की नियमित साफ-सफाई किये जाने के पूर्व में मौखिक और लिखित निर्देश दिये जाने के बावजूद निरीक्षण के दौरान कचरा एकत्रित करने के लिएचयनित स्थान एवं मनोरोग विभाग के आस.पास गंदगी पाई गई। चूहों की रोकथाम हेतु रखी जाने वाली गम प्लेट भी केवल एक ही स्थान पर पाई गई और दवाइयां अत्याधिक कम मात्रा में मिलीं। इस लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता की वजह से चिकित्सालय की छवि धूमिल हुई है।

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मानसिक रोग विभाग के वार्ड में भर्ती मरीजों को चूहों द्वारा काटने का मामला सामने आया है। जिसमे भर्ती सिहोरा निवासी एक 25 वर्षीय युवती, श्रीधाम निवासी 50 वर्षीय महिला और उसका बेटा शामिल है। युवती को 9 सितंबर की रात पैर में काटा गया, इंजेक्शन देकर डिस्चार्ज किया गया। महिला की एड़ी पर और अगले दिन उसके बेटे के पैरों पर चूहों ने हमला कर दिया। इस संबंध में मरीजों के परिजनों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कोई ठोस इंतजाम नहीं किये गये है।

मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में जनहित में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टण्डन की एकल पीठ ने प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर जबलपुर मेडीकल कॉलेज के डीन से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में युवक का किया अपहरण

## पौसेरा निवासी देवेन्द्र यादव की तलाश में जुटी पुलिस, सर्चिंग किए तेज


बालाघाट(स्वतंत्र मत)

केंद्र सरकार के निर्देशन के बाद मप्र के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के वनांचल क्षेत्रो के कोने-कोने में पुलिस चौकी स्थापित करके हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन के सुरक्षा जवान तैनात किये गये है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर तेज कर दिया गया है। वही आदिवासी क्षेत्रो में विकास कार्य व युवाओं को रोजगार देने का भी काम किया जा रहा है। बावजूद इसके नक्सलियों का मनोबल बड़ा हुआ है और वे कुछ न कुछ वारदात को अंजाम देते रहते है। हालांकि इस अभियान के तहत पुलिस की कई अहम सफलतायें भी मिली है, लेकिन कई बार नक्सलियों ने भी ऐसी वारदातो को अंजाम दिया है कि पुलिस की चिंता बड़ जाती है।

विदित हो कि जिले में नक्सलियो द्वारा पर्चे फेंकना, बैनर-पोंस्टर बांधना, आगजनी, वसूली और मुखबीर के नाम पर ग्रामीणो की हत्या कर दी जाती है। इसी बीच नक्सलियों ने 16 सितंबर को पितकोना चौकी (थाना लांजी) के अन्तर्गत रायली और चौरिया गांव के बीच जंगल में लगे दहियांन से एक युवक का अपहरण कर लिया गया और मौके पर बैनर-पोस्टर चस्पा करके घटना से संबंधित



जानकारी दी। जिसमें उन्होने युवक देवेंद्र यादव उर्फ छोटू को पुलिस का मुखबीर बताया और पितकोना चौकी में दूध-दही भिजवाने की आड़ में मुखबीरी करने का आरोप लगाकर उसका अपहरण कर लिये। जहां मलाजखंड दलम के माओवादियों ने इसकी जिम्मेंदारी ली है। पर्चे में माओवादी के द्वारा लिखा गया कि देवेंद्र यादव को पितकोना पुलिस द्वारा दहियान स्थापित करवाया गया था और वह मुखबिरी किया करता था। जो भी ऐसी हरकत करेगा, उसका ऐसा ही हस्त्र होगा। यह घटना सामने आने के बाद पुलिस महकमा अलर्ट हो गया और ईलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई।



इधर, आईजी संजय कुमार ने मीडिया को जानकारी दी कि देवेद्र यादव पौसेरा गांव का रहने वाला है, जो अपने साथी अवधेश के साथ दहियान में रहते थे। पुलिस ने अवधेश से पूछताछ की है, तो उसने बताया कि 16 सितंबर की शाम को कुछ नक्सली देवेंद्र को उठा ले गये है, जो अभी तक वापस नही आया है। ना घर आया है और ना ही दहियान आया है। जिसके बाद हमने ईलाके में सर्चिंग बढा दी है और 30 पार्टी जंगल में उतारी है, जिसमें 800 से अधिक जवान शामिल है, जो जंगल में सर्च कर रहे है। आईजी संजय कुमार ने बताया कि हमे दो पर्चे मिले है, जिसमे नक्सलियों ने देवेंद्र को मुखबीर बताया है, लेकिन वह ग्रामीण था, जो जंगल में दहियान लगाता था, वह पुलिस का मुखबीर नही है। हम अभी जंगल में सर्च कर रहे है, जब तक वह मिलता नही, उसकी मौत या उसे मार दिये जाने की हम पुष्टी नही कर सकते। हालांकि हमे अंदेशा है कि उसके साथ अप्रिय घटना हो सकती है। इसलिये हमने उसकी तलाश तेज कर दी है और तलाश रहे है। समाचार लिखे जाने तक सुत्रो के माध्यम से भी यह स्पष्ठ नही हो पाया कि अपहरण किये गये देवेन्द्र यादव को नक्सलियों ने जिंदा रखा या मार डाला? फिलहाल पुलिस की यही कोशिश में है कि नक्सलियो द्वारा अपहरण किये गये युवक को सकुशल वापस लाया जा सकें।

ज्ञात हो की दो दिन पूर्व भी नक्सलियों ने पाथरी चौकी के झांको गांव में बैनर पोस्टर बांधकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी और पुलिस के लिए भर्ती कराये जा रहे विशेष दस्ता का विरोध किया था और उसे मुखबिर करार दिया था। इसी को लेकर पूछे गये मीडिया के एक सवाल पर आईजी संजय कुमार ने कहा कि नक्सली हमेशा भ्रम फैलाते है, यही वजह है कि उन्होने विशेष दस्ता भर्ती अभियान का विरोध किया और उसे मुखबीर भर्ती का नाम दे रहे है। हम तो युवाओं का सरकार की मंशा अनुरूप रोजगार दे रहे है, जिसकी अलग नियमावली है।

# हाईवे पर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, भांजा गंभीर



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट- गोंदिया राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन 543, मौत का हाईवे बनता जा रहा है। इसके निर्माण के बाद से ही यहां आए दिनों सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें अक्सर लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। बीती रात एक भीषण सड़क हादसा में बाईक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, और भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार कर, उसे गंभीर अवस्था में बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रिफर किया गया है। मृतक पति-पत्नी के शव का जिला अस्पताल में पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया हैं। मृतकों में थाना वारासिवनी ग्राम पिपरिया निवासी 32 वर्षीय ध्रुव कुमार पिता झनकलाल पटले और 28 वर्षीय उसकी पत्नी रितु उर्फ रेखा पटले बताया गया हैं। जबकी भांजा ग्राम घोटी निवासी 19 वर्षीय शिवम पिता योगेश तुरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ध्रुव और रितु अपने भांजे शिवम के साथ मंगलवार को गोंदिया पत्नी का इलाज कराने गए थे। दोपहर में घोटी निवासी ससुर रमेश प्रसाद सोनकर से पैसे लेने के बाद वे मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। रात्रि में बालाघाट-गोंदिया हाइवे के डोंगरिया में निर्माणाधीन कंपनी ने सड़क के बीच में सीमेंट के डिवाइडर लगाकर रास्ता ब्लॉक कर रखा था। रात के अंधेरे और हल्की बारिश के कारण डिवाइडर दिखाई नहीं दिया, और तेज रफ्तार मोटरसाइकिल उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डिवाइडर अपनी जगह से खिसक गया और मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# दुष्कर्म मामले में इनामी अरोपी को नागपुर से पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** लामता थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म कर लड़की को गर्भवती करने वाला आरोपी युवक को लामता पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया गया हैं। जानकारी अनुसार, 11 सितम्बर को प्रार्थिया की रिपोर्ट कराया कि मैं कक्षा आठवी तक पढ़ाई की हूँ। मां ने बताया कि फरवरी 2025 में मेरे रिश्तेदारी में 09-10 फरवरी की शादी थी उसके छः दिन बाद मुझे दोपहर तीन बजे मेरी बेटी गांव के खेत में बकरी चराने के लिये गई थी, उस समय, ग्राम बरखो का राजा उर्फ इतवारी जो अपने ससुराल में रहता है उसके द्वारा डराकर धमकाकर जबरदस्ती बलात्कार किया। मेरी बेटी द्वारा 09 सितम्बर को जब उसे उल्टी हुई तो डाक्टर द्वारा चैक करने पर बताया कि यह गर्भवती है। उसके उपरांत 11 सितम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना लामता में धारा-64(2), 65(1), 351(3) बी.एन.एस., पॉक्सो एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण अति गंभीर एवं अति संवेदनशील प्रकृति का होने एवं नक्सल क्षेत्र में आदिवासी बालिका के दुष्कर्म से संबंधित होने से पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के कुशल एवं दक्ष नेतृत्व में थाना लामता एवं सायबर सेल बालाघाट के अधिकारी/कर्मचारियो की संयुक्त टीम का गठन आरोपी की तलाश पतारसी के लिये किया गया।

# युवक ने पार्टनर को डंडा से पीट कर उतारा मौत के घाट

## चरित्र शंका पर की हत्या, पुलिस ने भेजा जेल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

रूपझर थाना के उकवा पुलिस चौके अंतर्गत प्रेम नगर उकवा में 16 सितम्बर की मध्यरात्रि 12:30 बजे करीब लिविंग रिलेशनशिप से रह रही महिला साथी की उसके पार्टनर ने चरित्र शंका होने पर डंडा से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया था. घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी अनिल तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं. जानकारी अनुसार, आरोपी अनिल पिता ब्रजलाल तिवारी उम्र 32 वर्ष प्रेम नगर उकवा निवासी ने अपनी साथी सीमा तिवारी उम्र 30 वर्ष, जिसके साथ वह बिना शादी के लिविंग रिलेशनशिप में 6-7 वर्षों से पति-पत्नी की तरह रह रहे थे. सीमा पर चरित्र संदेह होने के चलते वाद-विवाद आए दिन होते रहता था घटना वाली रात्रि को भी इसी बात को लेकर इन दोनों में वाद-विवाद हो गया और अनिल ने बेहरमी से पीटाई शुरू कर दी, जिससे गंभीर चोट लगने से सीमा बेहोश होकर जमीन पर गिर गई. पीटाई की आवाजे सुनकर परिजनों व




पड़ोसियों ने 112 पुलिस डायल को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस द्वारा घायल सीमा को अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. आरोपी अनिल पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो चुका था. रिपोर्ट पर रूपझर थाना में अपराध धारा 103(1) पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. रूपझर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए हत्या के बाद फरार हुए आरोपी अनिल तिवारी को मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी से की गई पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसे अपनी साथी तथाकथित पत्नि सीमा के चरित्र पर शंका रहती थी और इसी कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे. घटना की रात भी विवाद बढ़ने पर आरोपी ने सीमा के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी. आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद किया गया. बताया जाता हैं कि सीमा की पहले शादी हो चूकि थीं उसने अपने पति को छोड़ दिया था, वहीं अनिल की भी शादी हो चूकि थीं उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई हैं. सीमा और अनिल पिछल 6-7 वर्षों से लिविंग रिलेशनशिप में पति-पत्नी की तरह रह रहे थे. इस कार्यवाही में उनि. दीपक त्रिपाठी, सउनि. विनोद ठाकुर, प्रआर. प्रकाश तिवारी, आर. अभिलाख, आर. बलराम, आर. सुनील आर दीपक शर्मा, आर कन्हैया मरावी की उल्लेखनीय भूमिका रही.

# भेण्डारा में बाऊड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन समारोह आज

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भेण्डारा की सेवा सहकारी समिति मर्यादित भेण्डारा पंजीयन क्रमांक 614 में विधायक निधि से स्वीकृत बाऊड्रीवाल निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन 18 सितम्बर दिन शुक्रवार समय 10 बजे किया गया हैं। इस समारोह में मुख्यअतिथि विधायक विवेक विक्की पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत और विशेष अतिथि में गोकुल प्रसाद गौतम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खैरलांजी एवं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सेवकराम सुलाखे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशु गुणाराम बघेले, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जनपद सदस्य अनील उईके, प्रफुल नगपुरे भेण्डारा सरपंच, टिकाराम सुलाखे, दशरथ ठाकरे, तेजराम नगपुरे, गिरेश राम भवरे, अशोक लिल्हारे, महोदव ठाकरे, अरविंद बंसोड सहित सेवा सहकारिता समिति मर्यादित भेण्डारा के कर्मचारियों की मौजूदगी में भूमिपूजन कार्यक्रम का समापन्न किया जायेगा। भूमिपूजन समारोह में सेवा सहकारी समिति मर्यादित भेण्डारा के प्रशासक प्रकाश चन्द्र शाहु व सहायक प्रबंधक घनश्याम लिल्हारे ने समस्त कृषकों एवं कर्मचारिगणों से उपस्थिती की अपील की हैं।

जनपद सदस्य अनील उईके ने बताया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित भेण्डारा कार्यालय के प्रबंधक और किसानों की मांग लगातार कि जा रहीं थीं कि सहकारी समिति के चारों ओर बाऊड्रीवाल बन जाये, जिस पर मैने किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए बांऊड्रीवाल निर्माण के लिए विधायक विवेक विक्की पटले के संज्ञान में लाया गया। जिस पर विधायक जी ने किसानों की मांग को देखते हुए विधायक निधी से राशि स्वीकृत किया गया हैं, जिस पर क्षेत्र के किसानों ने विधायक विवेक विक्की पटेल जी का आभार व्यक्त किया गया हैं अब 18 सितम्बर को किसानों की मौजूदगी में विधायक विवेक विक्की पटले की मुख्य उपस्थिती में भूमिपुजन समारोह का आयोजन किया जाना हैं।

# सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार और भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर कैबसेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर के सहसंयोजक और वरिष्ठ नेता धनुषधारी सिंह की अगुवाई में 17 सितंबर को सुबह 8 बजे से सगरा मंदिर के पास स्थित सगरा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें



तालाब और उसके आसपास जमी खरपतवार और गंदगी को साफ किया गया। इसके बाद 11 बजे से स्थानीय रणविजय प्रताप सिंह शासकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में खासकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और भाजपा नगर मंडल की भागीदारी प्रमुख रही है। युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता रक्तदान में बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया है। इसके अलावा जिले के सभी मंडलों और बूथ स्तर में स्वच्छता अभियान आयोजन किया गया।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक तैयारी तेज

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बुधवार 17 सितंबर को जिला कांग्रेस कार्यालय उमरिया में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी इंजी. नीरज सिंह बघेल की उपस्थिति में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी.विजय कोल ने की।बैठक में आगामी राजनीतिक गतिविधियों, संगठनात्मक मजबूती तथा जिले से जुड़े जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस दौरान इंजी. विजय कोल ने कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कल सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय उमरिया



पहुंचेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने और संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करने की अपील की। बैठक में सह प्रभारी इंजी.नीरज सिंह बघेल,पूर्व विधायक अजय सिंह, पुष्पराज सिंह,अंजू सिंह, सावित्री सिंह,ओमकार सिंह बबलू,मिथलेश राय,शिशुपाल यादव,रामगोपाल दहिया, मनोज सिंह,ओपी द्विवेदी,अमृतलाल यादव, हेमनाथ बैगा,वीरेंद्र सिंह सेंगर, शकील खान,संजय अग्रवाल, रोशनी सिंह,लालभवानी सिंह,सूरज यादव, सुनील तिवारी,असलम शेख. शारदा प्रसाद गौतम,अशोक मिश्रा, राजीव सिंह, संतोष सिंह, मोहम्मद आजाद,त्रिभुवन प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तहसीलदार और नामी व्यापारी की मिलीभगत से भूमि की हेराफेरी का लगा आरोप...!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बुधवार 17 सितम्बर को आवेदक द्वारा कलेक्टर को लिखित शिकायत दी गई जिसमें तहसीलदार और जिले के नामी व्यापारी पर मिलीभगत कर जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि तहसीलदार बांधवगढ़ के द्वारा कानूनी प्रक्रिया को ताक में रख कर व्यापारी को अन्यायपूर्वक लाभ पहुँचाया जा रहा है.! प्रार्थी कृषण तिवारी पिता स्व कृषण दत्त तिवारी ने ने बताया कि वह




ग्राम चंदवार तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र का पुस्तैनी निवासी हैं और उसकी निम्न समस्या है जिसमे यह की आराजी खसरा नंबर 1220 ध् 2108 रकवा 2 एकड़ 40 डिसमिल स्थित भूमि छटन कैम्प उमरिया की भूमि पर फर्जी तरीके से खानदान सेजरा तैयार करा कर फौती दर्ज कर भूमि की हेराफेरी कर जमीन के विक्रय करने के फिराक में तहसीलदार बांधवगढ़ एवं उमरिया के जाने-माने भू माफिया रोमी गुप्ता के द्वारा सडयंत्र रचा जा रहा है। वही पूर्व में राजस्व प्रकरण क्रमांक 62ध्अ-6ध्2012-13 राजस्व प्रकरण क्रमांक 1052 ध्अ-6ध् 2020-21 राजस्व प्रकरण क्रमांक 041ध् अ-74ध्21-22 तहसीलदार बांधवगढ़ के न्यालय में फौती नामान्तरण की प्रक्रिया चलने के पश्चात खानदानी सेजर एवं प्रक्रिया दोष पूर्ण होने वा सही वारिस सिद्ध ना होने से 2 अलग अलग सेजर होने के कारण तत्कालीन तहसीलदार महोदय के द्वारा फौती नामान्तरण की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। उक्त आदेश के विरुद्ध आवेदकों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ के न्यायलय में अपील प्रस्तुत की गई थी जिसमे तत्कालीन पीठासीन अधिकारी के द्वारा आवेदक के अपील को अस्वीकार कर दिया गया था। उक्त प्रकरण वरिसाना स्वातय घोषणा वा नामान्तरण सम्बन्धी माननीय द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायधीरा जिला न्यायालय उमरिया के प्रकरण क्रमांक आरसीए 5ध्21 में विचाराधीन है। वही प्रस्तुत खानदान सेजरा जो गाव के निर्वाचित सरपंच, पार्षद व जनप्रतिनिधियों से प्रमाणित होना चाहिए परन्तु संलग्न सेजरा में एक कम पढ़ा लिखा व्यक्ति वा भू माफिया रोमी गुप्ता केवल 2 व्यक्तियों के हस्ताक्षर है जो स्वयं में ही संदेह है क्योंकि रोमी गुप्ता उमरिया निवासी है और रोजरा ग्राम चंदवार की प्रमाणिकरण करना खुद में संदेहास्पद है।

# बैगा बाहुल्य क्षेत्र में अब तक नहीं बने आंगनबाड़ी केन्द्र, महामहिम राज्यपाल से की गई थी माँग

मानपुर (स्वतंत्रमत)

कुपोषण से बचाव के लिये सरकार बहुत मेहनत कर रहीहै, जिसके लिये सरकार द्वारा हर वर्ष कई अभियान भी चलाया जाता है जब कि आगन बाड़ी केन्द्रों के अभाव में परिणाम का ग्राफ बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है। उमरिया जिला के मानपुर ब्लॉक क्षेत्रांतर गत पूर्व ग्राम पंचायत सिगुड़ी एवं वर्तमान नगर परिसद मानपुर के वार्ड नम्बर 04 में एक मोहल्ला बरौहां टोला के नाम से जाना जाता है जहां वर्तमान में तकरीबन 600 जनसंख्या है जिसमें 85 फीसदी अनुसूचित जाति के समाज की बस्ती है, वहीं वार्ड नम्बर 03 में तकरीबन 800 जनसंख्या वाला खरहरा टोला एवं तकरीबन 500 जनसंख्या वाला कुदरा टोला बसा हुआ है जिन दोनो मोहल्लों में 80 फीसदी से ज्यादा अनुसूजित जनजाति बैगा समुदाय के अति पिछड़ा - गरीब वर्ग के लोग निवास करते हैं, ये तीनों मोहल्लों से तकरीबन 02 - 03 किमी दूर दो संचालित आगन बाड़ी हैं जो एक भर्री टोला और दूसरा टिकुरी टोला में संचालित हैं। अपना काम छोड़ 02 से 03 किमी दूर आगन बाड़ी केन्द्रों तक न पहुंच पाने से एसटी, एस्सी के गरीब



शिशु, गर्भवती - धात्री माता एवं किशोरी बालिकायें आगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं से वंचित हो जाते हैं। जिन समस्या से नीजात पाने के लिये क्षेत्रीय नागरिकों ने खरहरा टोला, बरौहां टोला और कुदरा टोला में एक - एक आगन बाड़ी केन्द्र संचालित करवाने के लिये पिछले 10 वर्षों से मांग करते आ रहेहैं, जो कार्यालय ग्राम पंचायत, महिला वाल विकास विभाग, नगर परिसद, कलेक्टर और विधायक जी से लिखित में और मौखिक भी कई वार मांग कर चुके हैं, जिन की सुनवाई न होने से पिछले वर्ष डोंड़का पधारे महा महीम मप्र राज्य पाल जी से भी मांग पत्र द्वारा निवेदन किया गया, जिसके बाद भी आज दिनांक तक विकास रूपी कोई कार्यवाही नहीं की गई, अभी हाल में निकले रिक्त पदों के विज्ञापन सूची में भी यहां का रिक्त नाम अंकित नहीं था, जवाब में महिला वाल विकास के सीपीडियो आरएन सिंह मानपुर ने बताया कि मानपुर से जिला के लिये हर वर्ष क्षेत्रीय मांग पत्र भेज दिया जाता है जब कि ऊपर से आज तक यहां कोई स्वीकृति व आदेश नहीं मिला है। क्षेत्रीय जन्ता ने शासन - प्रशासन से समाचार के माध्यम से पुन: मांग की है।

## मरीजों की हुई जांच मिली राहत

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत मवई के सभागार में लक्ष्मी नारायण अस्पताल रायपुर एवं दादा वीरेंद्रपुरी महाराज देवजी नेत्रालय जबलपुर के सौजन्य से विशाल स्वास्थ्य अंधत्व निवारण शिविर नि:शुल्क आयोजन किया गया। जिसमें 105 मरीजों का जांच उपरांत 19 मरीजों को आपरेशन एवं अन्य स्वास्थ्य लाभ हेतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक एवं महामंत्री भाजपा, श्रीमति मनीषा मरकाम जनपद अध्यक्ष मवई, प्रहलाद मरकाम मंडल अध्यक्ष मवई, अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, संजू बोरिया जनपद सदस्य, इंद्रेश सासंद प्रतिनिधि, राजेश पांडे, अमरजीत चौहान, भरत चक्रवर्ती, अक्षय कुमार परते महामंत्री मंडल मवई, संदीप श्रीवास, संतोष पवार सहित समाज सेवी मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत जागरूकता आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** 18 सितंबर को घरों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने का महत्व 19 सितंबर को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध एवं जागरूकता 20 सितंबर को नर्मदा तटीय एवं पर्यटन ग्राम में ओडीएफ प्लस की निरंतरता एवं सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर, 21 सितंबर को प्रतियोगिता एवं स्वच्छता सम्मान 22 सितंबर को स्वच्छ हरित उत्सव शून्य अपशिष्ट आयोजन 25 सितंबर को श्रमदान गतिविधि एक दिन एक घंटा एक साथ तथा 2 अक्टूबर को स्वच्छ 2 अक्टूबर दिवस का आयोजन जलीय संरचनाओं के आसपास की सफाई गतिविधि की जायेगी।

## पीएम स्ट्रीट वेंडर्स अभियान

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि शहरी पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत शासन द्वारा विशेष अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के बैंकों में लंबित पुराने स्वीकृत ऋण प्रकरणों 10 हजार 20 हजार एवं 50 हजार में वितरण की कार्यवाही एवं पुराने प्रेषित प्रकरण जो कि पुनर्गठित 15 हजार 25 हजार एवं 50 हजार में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही एवं डिजिटल ऑनबोर्डिंग हेतु सभी बैंकों एवं निकायों को निर्देशित किया गया है।

## केमिकल्स का लायसेंस निलंबित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मेसर्स एक्सपीएम केमिकल्स एण्ड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड यूनिट न 402.412, 414, 4 फ्लोर, पीपी ट्रेड सेन्टर प्लाट नं पी.1 नेताजी सुभाष पैलेस पीथमपुरा नई दिल्ली 110034 को जारी पौध संरक्षण विनिर्माण इकाई का लायसेंस का कृषि आयुक्तालय राजस्थान सरकार द्वारा निलंबित करने के फलस्वरूप उक्त संस्थान द्वारा निर्मित समस्त उत्पादों का मण्डला जिले में क्रय विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 14 एवं 17 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजीयक एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा प्रतिबंधित किया गया है।

## बूथ लेवल एजेंटों की बैठक

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया की बैठक आयोजित की गई है जिसमें बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को मजबूत करने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई इनकी प्रथम बैठक आहूत की गई यह कार्यक्रम सामुदायिक भवन में रखा गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जोश सिंह ठाकुर शिवानन्द गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि टेकराम राय अरूण पांडे झुन्ना ठाकुर नगर परिषद उपाध्यक्ष रानू राजपूत नीरज मिश्रा मेवा धुर्वे मंडलम अध्यक्ष रोशन धुर्वे अमन राजपूत विकास पांडे बाल कुमार यादव रामनाथ सारेते राजकुमार महावीर यादव एवं समस्त बी एल ए सेक्टर अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ, कहा- जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी जरूरी





मण्डला(स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान मनाने का निर्णय प्रदेश सरकार ने लिया है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान आदि सेवा पर्व स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा धार जिले में किया गया है। सेवा पखवाड़ा अभियान को महज सरकारी कार्यक्रम न माना जाए। किसी भी अभियान को सफल बनाने में सक्रिय जन भागीदारी जरूरी होती है। आप सभी से आग्रह है कि इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाएं। यह बात कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने आरडी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारंभ में कही। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, रानू राजपूत, ललित लोधी, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, डीएफओ नित्यानंदन एल मंचासीन थे।

### जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की राह पर आगे बढ़ा रहा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन प्रदान करें। सेवा पखवाड़ा अभियान में आज पूरे जिले में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। यह शिविर इसी तरह 2 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे। हम जानते हैं कि परिवार की देखभाल में व्यस्त रहने पर महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती हैं। इसलिए महिलाओं और बच्चों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर जाकर अपने स्वास्थ्य की जाँच अवश्य कराएं।

### योजनाओं का मिला लाभ

लगभग 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। सांसद श्री कुलस्ते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं सतत रूप से जारी हैं। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर, पोषण शिविर, रक्तदान शिविर, पौधरोपण के द्वारा नमो उपवन, स्वच्छता गतिविधि, आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की थीम पर नमो मैराथन, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिये जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाये जायेंगे।

### प्रभारी मंत्री ने दिलाई शपथ

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा यहां मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौंपे एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत नि:क्षय मित्र योजना टीबी मरीजों को पोषण किट भी प्रदान की। कार्यक्रम का आभार सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद था।

### प्रतिमा में किया माल्यार्पण

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने आरडी कॉलेज परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, प्रफुल्ल मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा, रानू राजपूत, ललित लोधी मौजूद थे।

### माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना

प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बुधवार को माहिष्मती घाट में माँ नर्मदा जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश व जिलेवासियों के कल्याण की कामना की। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट कार्यालय में सदस्यों से भेंट की और उनसे चर्चा की।

### सिद्ध टेकरी में रोपे पौधे

सेवा पखवाड़ा अभियान का क्रियान्वयन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। इसमें पौधे रोपित कर नमो वन तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने बुधवार को सिद्ध बाबा टेकरी पहाड़ी में पौधरोपण किया। उन्होंने कटहल, आंवला, सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## स्वच्छोत्सव थीम पर राष्ट्रव्यापी सेवा अभियान

मण्डला(स्वतंत्रमत)

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलब्ध पर पूरे देश में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अनुक्रम में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद द्वारा आरडीबीवी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुसराम, जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा नगर के विभिन्न चौक चौराहों की प्रात:कालीन साफ सफाई की गई एवं शहर के प्रमुख पार्क नेहरू पार्क एवं रेवांचल पार्क का रखरखाव का कार्य किया गया। नगर पालिका द्वारा संचालित नेहरू स्कूल में प्रभारी प्रचार्य द्वारा विद्यार्थीयों को कचरा पृथक्कीकरण का प्रदर्शन करवाते हुए विभिन्न स्वच्छता संबंधित गतिविधियों जैसे स्वच्छता संवाद, स्वच्छता चित्रकला एवं स्वच्छ परिसर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## रक्तदान शिविर में पहुंचे प्रभारी मंत्री

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को जिला अस्पताल में किया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, प्रफुल्ल मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा, विनय मिश्रा, रानू राजपूत, ललित लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने यहां पहुंचकर रक्तदान कर रहे व्यक्तियों से चर्चा की और उन्हें रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि रक्तदान सिर्फ एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह एक ऐसा नेक काम है जो किसी की जान बचा सकता है। यह किसी भी दान से बड़ा दान है क्योंकि आप अपने शरीर का एक हिस्सा देकर किसी को जीवन का दूसरा मौका देते हैं। हर साल कई लोग अपनी जान सिर्फ इसलिए गंवा देते हैं क्योंकि समय पर उन्हें खून नहीं मिल पाता। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि जिले में लगाए जा रहे रक्तदान शिविरों में जाकर अपना रक्त दान करें।



## वन कर्मचारियों ने दिखाया अपना हुनर



मण्डला(स्वतंत्रमत)

जीवन मे स्वस्थ रहने के लिए खेल बहुत जरूरी है इसी भावना को ध्यान में रखते वन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। वृत्त स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना होता है राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलता है। वृत्त स्तरीय प्रतियोगिता 15 एवं 16 सितंबर को स्व.ईस्वरदास रोहाणी स्टेडियम रांझी जबलपुर में आयोजित की गई जिसमें मंडला, जबलपुर,डिंडौरी कटनी जिले के वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओ में विभिन्न खिलाड़ियों ने हिस्सा लिए प्रतियोगिता की शुरुआत रस्सा कस्सी से शुरू की गई। अलग अलग वन मंडल से कम्पटीशन हुआ जिसमें पूर्व मंडला का पश्चिम मंडला के साथ जिसमे पूर्व मंडला विजेता दूसरा सामाजिक वानिकी से हुआ जिसमें पूर्व मंडला विजेता फाइनल मैच में जबलपुर एवं पूर्व मंडला का हुआ जिसमे पूर्व मंडला उपविजेता रहा। अपने दायित्वों के साथ साथ खेल भावना के साथ दौड़ 100मीटर, 200 मीटर 400 मीटर, 1500 मीटर 25 किलोमीटर, पैदलचाल,ऊंची कूद,लंबी कूद,तवा फेंक,भाला फेंक,गोला फेंक, कैरम,चेस, साइकिलिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

## बिछिया में लगा स्वास्थ्य शिविर



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मंडला जिले के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम में जनमानस की सक्रिय भूमिका रही फग्गन सिंह कुलस्ते ने दीप प्रज्वलन कर भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया इस शिविर में 500 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया 25 लोगों को चिन्हित कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए देवजी नेत्रालय जबलपुर ले जाया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता बंधुओं एवं डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

### मोगली जिला स्तरीय क्विज सम्पन्न

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग का अभिनव एवं छात्रों को प्रकृति से जोड़ने वाला अभियान मोगली जिला स्तरीय आयोजन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भारत ज्योति विद्यालय में श्रीमती मुन्नी वरकड़े शिक्षा अधिकारी एवं अरविंद विश्वकर्मा डीपीसी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस आयोजन में नौ ब्लॉक के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने ऑडियो वीडियो के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लिया जिसके अंतर्गत मंडला ब्लॉक के कनिष्ट एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्रों के द्वारा छात्रों को बिजयी घोषित किया गया।


**न्यायालय :- तेज प्रताप सिंह, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला जिला मण्डला (मप्र)**

PRO No. 897/25

दा.पुनरीक्षण एमजेसीआर क्रमांक. 720/2025
नियत दि.-22/09/25
शंकर पिता प्यारे लाल निवासी ग्राम मोहगांव तहसील बिछिया जिला मण्डला म.प्र.
पुनरीक्षणकर्ता

विरूद्ध

1- चुनेन्द्र पिता गेन्दू सिंह, 2- देवेन्द्र परतेती पिता गेन्दू सिंह, 3- सुरेश परतेती पिता गेन्द्र सिंह, 4- समस्त ग्रामवासी, सभी निवासी ग्राम मोहगांव तहसील बिछिया जिला मण्डला
प्रत्यर्थीगण

// उपस्थिति हेतु समंस //

एतद्ध द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बिछिया जिला मण्डला के दांडिक प्रकरण क्रमांक 0001/2025 पक्षकार चुनेन्द्र एवं अन्य वि. शंकर धारा 152 भा.ना.सु.सं. में दिनांक 11.04.2025 को पारित आदेश के विरूद्ध इस न्यायालय में पुनरीक्षणकर्ता द्वारा पुनरीक्षण, अंतर्गत धारा 438 भा.ना.सु.सं.के तहत प्रस्तुत करते हुए विचारण न्यायालय के संदर्भित आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की गई है।

उक्त प्रकरण में प्रत्यर्थी क्रमांक 4 के रूप में समस्त ग्रामवासीगण ग्राम मोहगांव/आम जनता को पक्षकार बनाया गया है।

अत: एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता, प्रतिनिधि जिसे प्रकरण की संपूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से प्रकरण की आगामी पेशी तिथि को मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक को अवकाश की दशा में आगामी न्यायालयीन कार्य दिवस में उपस्थित होवे।

उक्त दिनांक तक आप प्रेषिती की अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही हेतु यह न्यायालय अग्रसर हो जावेगी।

अत: मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा द्वारा आज दिनांक- 16/09/2025 को जारी किया गया।

**तेज प्रताप सिंह**
**द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश**
**मण्डला(म.प्र.)**


## स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान का आयोजन

### स्मारक स्थल की साफ-सफाई




**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता में सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान का आयोजन किया जाता आ रहा है। इस वर्ष भी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है। इसी क्रम में 17 सितंबर 2025 को मुख्य मार्ग पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई , शहीद स्मारक, वीरांगना अवंती बाई लोधी, डॉ भीमराव अंबेडकर के स्मारक स्थल व प्रतिमा की सफाई की गई एवं वार्ड क्रमांक 14 प्रस्तावित बस स्टैंड मार्ग एवं स्थल की सफाई की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा पंजवानी पार्षद राजाराम शर्मा सहित अन्य पार्षद एवं राजस्व निरीक्षक प्रेम चोटेल सहित स्वच्छता सेनिक उपस्थित रहे।

## स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का मध्य प्रदेश से शुभारंभ किया है। अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को मजबूत करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में जारी रहेगा। अभियान के दौरान महिला स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन, निक्षय मित्र अभियान, रक्तदान शिविर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच होनी है। इस अभियान में प्रदेश की महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि महिलाएं आगे चलकर किसी गंभीर बीमारी का शिकार न बने। इसी क्रम में सिविल अस्पताल नैनपुर में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल , मंडल अध्यक्ष राकेश रजक, पार्षद राजाराम शर्मा, श्रीमति लक्ष्मी परते, सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बीएमओ डॉ. राजीव चावला ने कार्यक्रम की महत्ता कियान्वयन उददेश्य के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकगणो, माताओं बहिनों एवं मरीजों एवं उनके परिजनों को दी। बताया गया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विशेषतया महिलाओं एवं आमजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाकर उनकी समस्त प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जांच यथा एचबी रक्तचाप मधुमेह टीवी कैंसर मुंह एवं स्तन, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व एवं प्रसवोत्तर जांच टीकाकरण सेवाएं सिकल सेल एनीमिया विशेष परामर्श एवं रक्तदान शिवरों का आयोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना नामांकन आदि सेवाएं प्रदाय की जावेगी। आयोजित शिविर में महिलाओं के साथ-साथ समस्त आमजनों को भी उपचार उपलब्ध कराया जावेगा। खंड चिकित्सा अधिकारी नैनपुर द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर स्वास्थ लाभ लिये जाने हेतु अपील की है। ग्राम स्तरीय शिविरों के पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सिविल अस्पताल नैनपुर में भी शिविर का आयोजन 20 सितम्बर 25 को रखा जावेगा। जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं प्रदाय की जोवगी। इसी दिन रक्तदान शिविर एवं नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल नैनपुर के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



संपादकीय

# विकास की नई गाथा

मध्यप्रदेश के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा क्योंकि इस दिन धार जिले की धरती पर कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण के साथ विकास की नई गाथा लिखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को दूसरी बार और 20 महीने की मोहन सरकार में 8वीं बार मध्यप्रदेश पहुंचे। उन्होंने धार जिले के भैसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क की आधारशिला रखने के साथ ही देश को 8 बड़ी सौगातें दी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, सुमन सखी चैटबॉट सेवा, आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा पर्व का शुभारंभ, सेवा पखवाड़ा पर्व, एक बगिया मां के नाम अभियान के रूप में महिला लाभार्थियों को पौधों का वितरण और सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग के एक करोड़वें कार्ड का वितरण किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर पोषण माह का शुभारंभ तथा लाभार्थी महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की किस्त भी ट्रांसफर की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर भैंसौला गांव में बनने वाले जिस पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया है वह 2158 एकड़ में बनेगा। गौरतलब बात यह है कि मध्यप्रदेश का कपास क्वालिटी के मामले में देश में सबसे बेहतर माना जाता है। जहां महाराष्ट्र और गुजरात में कपास के रेशे की लंबाई 24 से 28 मिमी होती है, वहीं मध्यप्रदेश का रेशा औसतन 30 मिमी लंबा है, जो फाइन धागा बनाने के लिए आदर्श कहा जाता है। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए अब तक कुल 114 कंपनियों ने 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिनमें से 91 कंपनियों को भूमि का आवंटन भी पूरा हो चुका है। कई नामी ब्रांड टेक्सटाइल सेक्टर में बड़े स्तर पर उत्पादन करेंगे। इस प्रकार पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क से 3 लाख लोगों को रोजगार मिलने और और 6 लाख किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद जताई जा रही है जो कि मध्यप्रदेश के लिए बहुत मायने रखता है। इतना ही नहीं, पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान का भी आगाज हुआ। इंदौर, जो देशभर में क्लीन सिटी के नाम से मशहूर है, वहाँ से पूरे देश में यह संदेश दिया गया कि साफ-सफाई एक आंदोलन है। इस तरह धार से इंदौर तक सिर्फ जश्न ही नहीं, बल्कि विकास और स्वच्छता की नई सौगातें देखने को मिली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछली बार विधानसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश आए थे। उस दौरान भी उन्होंने कई परियोजनाओं की सौगात दी थी और एक बार फिर से वे अपने जन्मदिन जैसे खास मौके पर प्रदेश की जनता के बीच रहे। वास्तव में यह बड़ी बात है कि देश का प्रधानमंत्री अपने जन्मदिन पर किसी राज्य की जनता को तोहफे देने के लिए खुद मौजूद रहे। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश आना उम्मीद बंधा रहा था कि यह दिन कुछ खास ही होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुरू से ही प्रदेश में उद्योगों की स्थापना पर पूरा फोकस करते रहे हैं। उन्होंने कई जिलों में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया, निवेशकों को लुभाने विदेश यात्राएं भी की, और अब धार जिले में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के माध्यम से भी रोजगार के अवसर सृजित करने का भगीरथ प्रयास किया है। निश्चय ही विकास की यह गाथा पीढ़ियों तक पढ़ी, सुनी और देखी जायेगी।

# आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाज़ी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है।

दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है।

यह सब जानते हुए भी आतिशबाज़ी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है।

दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में



दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक हो, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी।

दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाज़ी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है।

कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है।

त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि बिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है। लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं।

समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाज़ी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक-दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाज़ी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़ें, आतिशबाज़ी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

# मुस्लिम वक्फ बोर्ड और कानून



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

सर्वोच्च न्यायालय ने संसद द्वारा बनाये गये मुस्लिम वक्फ संशोधन कानून को वैध रखा है मगर इसके कुछ प्रावधानों में किये गये संशोधनों पर अन्तरिम रोक भी लगा दी है। देश की सर्वोच्च अदालत के इस फैसले का दोनों ही वादी व प्रतिवादी पक्षों ने सशर्त समर्थन भी किया है। इससे लगता है कि अदालत ने बीच का रास्ता अपनाया है और अपने फैसले में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास किया है। वैसे यह प्रश्न अपनी जगह खड़ा हुआ है कि सरकारी सम्पत्तियों पर मुस्लिम वक्फ बोर्ड अपना दावा किस प्रकार ठोक सकता है जबकि सभी सम्पत्तियों पर लोकतन्त्र में जनता द्वारा चुनी गई सरकार का ही अन्तिम अधिकार होता है। सवाल यह भी जायज है कि जब 1947 में सिर्फ मजहब के आधार पर भारत को दो टुकड़ों में बांट कर पाकिस्तान का निर्माण किया गया था तो यह किसकी जमीन पर हुआ था। पाकिस्तान का निर्माण हिन्दोस्तान की जमीन पर ही किया गया था और यह जमीन वक्फ की नहीं थी। इसलिए भारत ने 1947 में ही मजहबी दीवारों की बहुत बड़ी कीमत चुकायी है जिन्हें अब किसी कीमत पर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

सवाल हिन्दू-मुसलमान का नहीं है, बल्कि भारत की अस्मिता का है और भारत की अस्मिता कहती है कि हिन्दोस्तान सभी का है जिनमें हिन्दू-मुस्लिम सभी शामिल हैं। वक्फ की सम्पत्तियों का हिसाब देने से कोई फायदा नहीं है, बल्कि भारत के मुसलमानों की माली स्थिति का हिसाब देने से ही फायदा हो सकता है और हकीकत यह है कि भारत के 90 प्रतिशत मुसलमान फटेहाल हैं। वक्फ की अकूत सम्पत्ति से इन्हें कितना लाभ मिला इसका हिसाब कौन पूछेगा ? जहां तक वक्फ संशोधन अधिनियम का सवाल है तो सर्वोच्च अदालत ने अन्तरिम फैसला दिया कि केन्द्रीय वक्फ बोर्ड में अधिकतम चार और राज्य बोर्ड में अधिकतम तीन गैर मुस्लिम सदस्य होंगे और इनके चेयरमैन पदों पर मुस्लिम नागरिकों की नियुक्ति को ही तरजीह दी जायेगी। अदालत ने संशोधित अधिनियम की धारा 3(1)(आर) पर रोक लगा दी। कानून में संसद ने संशोधन करके यह अनिवार्य किया था कि वक्फ सिर्फ वही व्यक्ति बना सकेगा जो पिछले पांच साल से इस्लाम धर्म का अनुसरण कर रहा होगा। अदालत ने आदेश दिया कि इस कानून पर तब तक रोक रहेगी जब तक कि राज्य या केन्द्र सरकार इस बारे में कोई पुख्ता नियम या कानून नहीं बना देतीं। इसके साथ ही अदालत ने कानून की धारा 3 सी(2) के उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जिसमें किसी सम्पत्ति के अतिक्रमण के आरोप में विवाद पैदा होने पर उसे तब तक वक्फ की सम्पत्ति नहीं माना जायेगा जब तक कि सरकारी अधिकारी उस पर अन्तिम रिपोर्ट न लगा दे। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी द्वारा वक्फ की सम्पत्ति को सरकारी घोषित करने पर तद्नुसार सरकारी अभिलेखों में सुधार करने सम्बन्धी संशोधन को निरस्त रखा गया है। विधेयक में प्रावधान किया गया था कि राज्य सरकार को भी इस बारे में रिपोर्ट पेश करनी होगी। इसी कानून में यह प्रावधान भी किया गया था कि सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार अभिलेखों में तत्सम्बन्धी सुधार करने के आदेश देगी।

न्यायालय ने सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट को अन्तिम मानने से इन्कार कर दिया है। मुस्लिम संस्थाएं शोर मचा रही थीं कि संशोधित कानून में सरकारी अधिकारी या जिला मैजिस्ट्रेट को असीमित अधिकार दे दिये गये हैं जिसकी वजह से वक्फ बोर्ड की ताकत के कोई मायने नहीं रहेंगे। शीर्ष अदालत का कहना था कि किसी भी कानून के लिए संवैधानिकता सबसे बड़ा पैमाना होता है अतः सरकारी अधिकारी को केवल संविधान के दायरे में ही काम करने के अधिकार दिये जा सकते हैं लेकिन आजादी के बाद से वक्फ बोर्ड कानून में कई बार संशोधन हो चुके हैं। मगर 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के बाद इसमें जिस प्रकार के संशोधन तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार ने किये थे, उनसे वक्फ बोर्ड की समानान्तर स्वतन्त्र सत्ता कायम हो गई थी। इन संशोधनों के बाद बोर्ड को असीमित राजस्व अधिकार दे दिये गये थे और अदालतों के हस्तक्षेप को बहुत सीमित कर दिया गया था।

यही वजह है कि देश के मुस्लिम संगठन सर्वोच्च अदालत के ताजा फैसले से भी पूरी तरह सन्तुष्ट नहीं हैं और वे कह रहे हैं कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि नया संशोधन कानून पूरी तरह निरस्त नहीं हो जाता। क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने वक्फ बाई यूजर अर्थात उपोयगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करने का समर्थन किया है। संसद द्वारा पारित अधिनियम में यह कहा गया है कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा मूलतः कानून या संविधान विरोधी है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस संशोधन को उचित माना है और कहा है कि यह मनमाना कदम नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि सरकार को यह पता चलता है कि प्रयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा से बड़ी संख्या में सरकारी सम्पत्तियों पर अतिक्रमण किया गया है तो इस प्रावधान को खत्म करना किस प्रकार मनमाना करार दिया जा सकता है। मगर साथ ही अदालत ने लोकतन्त्र और संवैधानिक व्यवस्था के तहत शक्तियों के पृथकीकरण पर भी जोर दिया है और कहा है कि जिला कलेक्टर को नागरिकों की सम्पत्ति के अधिकार तय करने का हक नहीं दिया जा सकता। कार्यपालिका यह काम नहीं कर सकती। भारत में नागरिकों का सम्पत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है। अतः सम्पत्ति के मामले में अदालतों के आदेशों को अन्तिम माना जाना चाहिए और वक्फ सम्पत्ति के सन्दर्भ में ट्रिब्यूनल या उच्च न्यायालय के आदेश को।

# सूचनाओं की शक्कर

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

कल शक्कर खरीदने गया तो समझदार दुकानदार ने आकर्षक पैक में जैविक शक्कर पेश की, जैविक को अंग्रेज़ी में आर्गेनिक कहते हैं। आजकल आर्गेनिक के नाम पर काफी कुछ बिक रहा है। इसलिए मैंने देसी शक्कर मांगी जो सदियों से पंजाब में गन्ने के खेतों में बनाई जाती है। उस शक्कर को भी दर्जनों कम्पनियां आकर्षक पैकिंग में बेच रही हैं। घटिया किस्म के पालिथीन में पैक कर भी बिक रही है और खुली भी उपलब्ध है। शक्कर के भी कई रंग ढंग हैं। सुना है भूरे रंग में मिलने वाली शक्कर वास्तव में कम प्रसंस्कृत यानी कम प्रोसेस्ड होती है। गुड़ की मिठास बढाने के लिए चीनी डाली जा रही है तो शक्कर में भी डाली जा सकती है।




शक्कर को कई बार मज़ाक में शक कर भी बोल देता हूं क्यूंकि पता नहीं चलता बढ़िया कौन सी है। मेरी पत्नी को संतरी से रंग की शक्कर पसंद नहीं है। इसलिए जिस रंग की पसंद है एक पैक खरीद लिया। शक्कर तो खाने के बाद ही पसंद आएगी, फिलहाल उसकी पैकिंग पर छपी सूचनाओं ने दिमाग हिला दिया। लगा, कम्पनी वाले सामान बढ़िया दें न दें प्रवचन बहुत अच्छा करते हैं । सबसे पहले छापा, 'नया पैक' इसका मतलब कि कम्पनी ने ग्राहकों को पटाने के लिए पैक की डिजाइनिंग दोबारा करवाई है। उसके नीचे बड़े अक्षरों में लिखा 'प्रकृति की गोद', उसके नीचे लिखा, 'हम गुणवत्तापूर्ण बनाते हैं'। चार भाषाओं में लिखा, 'देसी शक्कर', 'देसी शक्कर' 'देसी शक्कर' 'देसी शक्कर'। सबसे बड़े आकार में अंग्रेज़ी में लिखा जिसे हिंदी मंथ में पढ़कर समझ में आया कि अंग्रेज़ी कितनी प्रसिद्ध और स्वीकृत है। एक मुहर जैसी बनाकर छापा, 'सौ प्रतिशत नेचुरल प्रोडक्ट, ओरिजिनल'।

आजकल अधिकांश चीज़ों में, नयापन, मौलिकता, शुद्धता, पारम्परिकता, प्राकृतिकता और गाय का दूध और शुद्ध देसी घी प्रवेश कर गया है। इस पैकेट पर भी कुछ ऐसी सूचनाएं छपी हैं जिनसे देसी गाय के शुद्ध घी की स्वास्थ्यवर्धक सुगंध आ रही थी। लिखा था, बिना किसी हानिकारक रासायनिक के, परम्परागत तरीके से तैयार, प्राकृतिक तत्वों और गाय के दूध से सफाई कर, गाय का देशी घी डाल कर स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाई गई है। गन्ने के सुन्दर स्कैच के नीचे लिखा है, 'ताज़ा और बेहतरीन गन्नों से बनाई गई'। वह बात दीगर है कि खाने की चीज़ों में घटिया से बढ़िया किस्म के रंग भी शामिल किए जा रहे हैं और चीज़ों को खाने लायक समय तक बचाए रखने के लिए प्रिजर्वेटिव्स, जिन्हें हिंदी में संरक्षक कहते हैं, प्रयोग किए जा रहे हैं। यह तमाम सूचनाएं पैक के एक तरफ है।

दूसरी तरफ छपी सूचनाओं से समझ आता है कि एक किलो शक्कर की कीमत में दो किलो से ज्यादा चीनी आ सकती है। दिलचस्प यह है कि पैक पर देसी शक्कर के स्वास्थ्य लाभ भी लिखे हैं। हेमोग्लोबिन बढ़ाएगी, अर्थराइटस रोकेगी, पाचन सिस्टम को बेहतर बनाएगी, शरीर के हर हिस्से को नरिशमेंट देगी, ब्लड प्रेशर ठीक रखेगी। इस बारे नहीं लिखा कि प्रचार के बाद स्वाद में फंसे ग्राहक ने ज्यादा देसी शक्कर ज़्यादा खा ली तो शरीर का क्या होगा। ग्राहक शक्कर खाते हुए सूचनाओं की सचाई का मज़ा ले सकता है लेकिन कहीं कुछ तो कड़वा भी होगा। यहीं मेरे दिमाग ने कहा, शक कर।

# श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है




रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरुआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे-धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आर्शावाद प्राप्त होता है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन



पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों। देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है।

गया में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गया में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गया में पिंडदान करने से सात पीढियों का उद्धार हो जाता है। गया जी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है। शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गया जी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे। श्राद्ध महिमा में कहा गया है- आयु- पूजां धनं विद्यां स्वर्ग मोक्ष सुखानि च। प्रयच्छति तथा राज्यं पितर- श्राद्ध तर्पिता। - अर्थात जो लोग अपने पितरों का श्राद्ध श्रद्धापूर्वक करते हैं, उनके पितर संतुष्ट होकर उन्हें आयु, संतान, धन, स्वर्ग, राज्य मोक्ष व अन्य सौभाग्य प्रदान करते हैं।

# जैश ने कबूला ऑपरेशन सिंदूर का कहर राजनाथ बोले- भारत की संप्रभुता अजेय

नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और साहस की सराहना की और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोई भी शक्ति भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का साहस नहीं कर सकती। रक्षा मंत्री ने बताया कि कैसे जैश-ए-मोहम्मद के एक कमांडर ने स्वीकार किया था कि 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा 7 मई को किए गए ऑपरेशन के दौरान आतंकवादी मसूद अजहर का परिवार नष्ट हो गया था। केंद्रीय मंत्री ने हैदराबाद में कहा कि आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर हमले में खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार का सफाया कर दिया गया। यह हमारे भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी और साहस का नतीजा था। इसका एक वीडियो भी कल जारी किया गया। हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की ताकत और भी बढ़ी है। इसलिए, कोई भी ताकत भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का साहस नहीं कर सकती।

सिंह हैदराबाद मुक्ति दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह दिवस ऑपरेशन पोलो के तहत निज़ाम के शासन से हैदराबाद के भारतीय संघ में विलय के बाद मनाया जाता है। रक्षा मंत्री ने भारत के पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद विभिन्न क्षेत्रों और रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

सिंह ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते में किसी तीसरे पक्ष की संलिप्तता के किसी भी दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई और आतंकी घटना होती है तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच यह युद्धविराम किसी के हस्तक्षेप के कारण लागू हुआ। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि आतंकवादियों के खिलाफ हमारी कार्रवाई किसी के हस्तक्षेप के कारण स्थगित नहीं हुई। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित कर दिया गया है। अगर कोई आतंकी घटना होती है, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू होगा। मैं पूरे देश की जनता को विश्वास के साथ बताना चाहता हूँ कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे इस युद्धविराम को रोकने के बारे में, कुछ लोग दावा करते हैं कि हमने इसे रोक दिया है, लेकिन किसी ने इसे नहीं रोका है।

## रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे :पुतिन

**मास्को,(वार्ता)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए श्री पुतिन ने कहा, यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य 'संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता की बिना शर्त रक्षा और किसी भी आक्रमण के विरुद्ध संघ राज्य की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक तत्वों का अभ्यास करना है।' दोनों देशों में 12 से 16 सितंबर तक संयुक्त अभ्यास हो रहे हैं। क्रेमलिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुलिनो प्रशिक्षण मैदान के अपने दौरे के दौरान पुतिन ने अभ्यास में शामिल हथियारों, सैन्य बलों और विशेष उपकरणों का भी निरीक्षण किया।

# इजरायल का पहली बार चीन पर हमला

यरुशलम

भारत और पीएम मोदी के खिलाफ कई नैरेटिव वॉर चलाने वाला चीन अब इजरायल के पीछे पड़ गया है। पीएम मोदी के खिलाफ तो एजेंडा हमेशा फेल रहा। ऐसे में अब आजकल चीन पीएम मोदी के पक्के दोस्त बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाने की पूरी कोशिश में लग गया है।जिस तरह से चीन भारत के पड़ोसी देशों को भड़काकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। ठीक वैसा ही षड़यंत्र चीन ने इजरायल के खिलाफ शुरू कर दिया है। चीन इजरायल के पड़ोसी देशों में घुस रहा है। चीन के इस षड़यंत्र में इजरायल को कतर और ईरान जैसे देशों का साथ मिल रहा है। लेकिन आपको बता दें कि जिस तरह से पीएम मोदी ने एजेंडा चलाने वाले इको सिस्टम को बर्बाद किया। ठीक उसी तरह अब नेतन्याहू भी अब खुलेआम चीन को धमकी दे रहे हैं।



नेतन्याहू ने शायद पहली बार चीन को धमकी दी है। नेतन्याहू ने कहा कि मैं मुक्त बाज़ार का समर्थक हूँ, लेकिन हम खुद को ऐसी स्थिति में पा सकते हैं जहाँ हमारे हथियार उद्योग अवरुद्ध हो जाएँ। हमें यहाँ हथियार उद्योग विकसित करने होंगे – न केवल अनुसंधान और विकास, बल्कि अपनी ज़रूरत की चीज़ें बनाने की क्षमता भी। इजरायली प्रधानमंत्री ने यूरोप में मुस्लिम प्रवासियों के प्रवास को सरकारों को इजरायल विरोधी दिशा में झुकाने और उनके देश के साथ रक्षा सौदों को रद्द करने के लिए प्रेरित करने का दोषी ठहराया। यरुशलम स्थित विदेश मंत्रालय में 250 अमेरिकी राज्य विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए, नेतन्याहू ने अपने दावों को दोहराया और चीन और कतर पर %पश्चिमी मीडिया में इज़राइल को घेरने के लिए उसके सहयोगियों का समर्थन कम करके अभियान चलाने% का आरोप लगाया। उन्होंने कहा एक चीन है। और दूसरा कतर है। वे पश्चिमी दुनिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के सोशल मीडिया के ज़रिए इज़राइल पर हमले की योजना बना रहे हैं। हमें इसका मुकाबला करना होगा, और हम अपने तरीकों से इसका मुकाबला करेंगे। आप कई बार देख चुके हैं कि पीएम मोदी के खिलाफ क्या क्या हथकंडे अपनाए गए। किसान आंदोलन को भड़काया गया। सीएए के खिलाफ एजेंडा चलाया गया। मणिपुर पर झूठ फैलाया गया और अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इनफॉर्मेशन वॉर शुरू कर दी गई। भारत और पीएम मोदी के खिलाफ इस डिसइनफॉर्मेशन कैंपेन को चलाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल हुआ। लेकिन पीएम मोदी हमेशा जीते और अब बारी नेतन्याहू की है। आपने गौर किया होगा कि आजकल मीडिया और सोशल मीडिया पर इजरायल के खिलाफ नफरत बढ़ती दिख रही है। कॉलेज और यूनिवर्सिटीज में इजरायल के खिलाफ नारेबाजियां हो रही हैं। इंट्राग्राम, फेसबुक, गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इजरायल के खिलाफ निगेटिव खबरें वायरल करवाई जा रही हैं।

# बिहार में ज्यादातर भ्रष्टाचार का ठीकरा चूहों पर फोड़ा जाता है : तेजस्वी

पटना,(वार्ता)



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने अपनी बिहार अधिकार यात्रा के दौरान नीतीश सरकार की खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि राज्य में जितने भ्रष्टाचार होते हैं, उनका ठीकरा चूहों पर फोड़ा जाता है और मंत्री बेदाग बच जाते हैं। श्री यादव ने एक सोसल प्लेटफार्म पर लिखा है कि पिछले 20 वर्षो से सरकार अपने भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी चूहों पर डालती आई है। उन्होंने कहा कि शराब, बांध, अस्पताल, पुल, पुलिया और राहत कार्य मे हुए घोटाले चूहों की वजह से हुए और सरकार अपने मंत्रियों को क्लीन चिट दे देती है। राजद नेता ने कहा कि सरकारी भ्रष्टाचार में चूहों की भागीदारी की एक लंबी सूची है। उन्होंने कहा कि याद कीजिये एक बार करीब 9 लाख लीटर जब्त की हुई शराब पुलिस थानों से गायब हो गयी और ऐसा माना गया कि उसे चूहे पी गये। श्री यादव ने कहा कि एक समय पुल और पुलियों के गिरने से बिहार बदनाम हो रहा था लेकिन बाद में पता चला कि 7819 करोड़ के 113 पुल और पुलिया सरकारी भ्रष्टाचार की वजह से नही बल्कि चूहों के कतरने से गिरे थे। उन्होंने कहा कि हद तो तब हुई जब पता चला कि बिहार के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती नवजात शिशु की उंगलियां भी चूहों ने कतर दी थी। इतना ही नही एक मामले में पोस्टमार्टम के लिए रखे शव की आंखे भी चूहों ने निकल ली थी।

## ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वियना, (वार्ता)।** ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना के वोर्गार्टनस्ट्रासे इलाके में गोलीबारी में दो लोग मारे गये।

ऑस्ट्रियन प्रेस एजेंसी (एपीए) की रिपोर्ट के अनुसार के अनुसार, एक अपार्टमेंट के अंदर और सड़क पर मंगलवार को गोलीबारी हुयी। इस दौरान पुलिस के बचकर भागने की कोशिश करने के दौरान कथित अपराधी मारा गया, जबकि एक महिला अपार्टमेंट के अंदर मृत पाई गयी। पुलिस ने कहा कि जनता के लिए कोई खतरा नहीं है और जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि जनता के लिए कोई खतरा नहीं है और जांच जारी है।


# भाजपा ने चुनाव आयोग को बनाया जुगाड़ आयोग: अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)

केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह प्रक्रिया फर्जी वोट बनाने का जरिया बन गई है। इस दौरान अखिलेश ने महोबा और नोएडा में एक ही एड्रेस पर हजारों डुप्लीकेट वोटों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमीन हड़पने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का भी इल्जाम लगाया है। बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर देश भर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन महोबा से जानकारी मिली है कि एक ही पते पर 4000 से ज्यादा वोट हैं। वहीं नोएडा में भी सैकड़ों डुप्लीकेट वोट हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत सपा ने की भी थी लेकिन आयोग ने संज्ञान में नही लिया। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग का सहारा लेकर इसे 'जुगाड़ आयोग' बना रही है और बीजेपी फर्जी वोट बना रही है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी के पास नकली आधार कार्ड बनाने की मशीन है, जिसे वोटिंग के दिन बूथ पर लगाकर फर्जी वोट डलवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है कि एकजुट होकर काम करें, अपने वोट बचाएं और फर्जी वोट रोकें। अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी और उनके साथी कीमती जमीन हथियाने की कोशिश में लगे हैं। अयोध्या की पावन धरती पर भी इन्होंने शर्म नहीं की। कहा कि बीजेपी अपने लोगों को खुश करने में लगी हुई है। समाजवादी सरकार में बनाये गए प्लासियो माल और किसान बाजार को बेच दिया। बीजेपी के डिप्टी सीएम ने भ्रष्टाचार को लेकर चिट्ठी तक लिखी है। वो चिट्ठी अभी तक है। प्रदेश में समाजवादी सरकार के आने पर इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर तंज कसते हुए कहा कि 2022 से पहले कानपुर के एक व्यापारी की पुलिस ने हत्या की थी। अब गोरखपुर में एक नौजवान, जो डॉक्टर बनता, परिवार का सहारा बनता, उसकी जान ले ली गई। उस तस्वीर को कोई देख नहीं सकता। गोरखपुर को लेकर उन्होंने कहा कि कल रात को ही मैसेज आने लगा कि कोई अधिकारी गोरखपुर गया है। मैंने सुबह जानकारी ली जो पता चला कि एनकाउंटर नहीं हुआ। अभी हमारी प्रेस वार्ता चल रही है तो एनकाउंटर हो गया। एनकाउंटर करने की आपको जरूरत क्या थी। आपकी पुलिस क्या कर रही थी। वो भी मुख्यमंत्री के अपने गृह जनपद में पुलिस क्या कर रही थी। इतने बड़े पैमाने पर तस्करी चल रही हो तो पुलिस कर क्या रही थी?



# भारत को लेकर यूक्रेन ने कर दिया ऐलान, नहीं खरीदेंगे डीजल



कीव

यूक्रेन की एनर्जी कंसल्टेंशिंग फर्म ने एनकोर ने कहा कि यूक्रेन भारत से डीजल की खरीद बंद करने जा रहा है। फर्म के मुताबिक 1 अक्टूबर से भारत से उत्पादित डीजल ईंधन के आयात पर प्रतिबंध लगाएगा। बताया जा रहा है कि ये रोक भारत के रूसी तेल खरीद को देखते हुए लगाई जा रही है। समाचार एजेंसी ने एनकोर के हवाले से ये खबर दी है। एजेंसी के मुताबिक यूक्रेन की एक अन्य कंसल्टेंशी एन 9 ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि इस साल की गर्मियों में एक प्रमुख यूक्रेनी तेल रिफाइनरी को बंद करना पड़ा था। रिफाइनरी के बंद होने के पीछे की वजह यूक्रेनी व्यापारियों को भारत से डीजल ईंधन खरीदकर आयात करने की भरपाई करनी पड़ी। यहां तक की यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय ने भी भारत से ईंधन की खरीद की है। इसकी क्वालिटी अच्छी मानी जाती है। रूस ड्रोन, मिसाइलों से यूक्रेन की तेल रिफाइनरी और एनर्जी सेक्टर के भंडारों पर हमले कर रहा है। इससे यूक्रेन की रिफाइनरी और तेल स्टोरेज फैसिलिटी को नुकसान हुआ। यूक्रेनी सुरक्षा एजेंसियों ने आदेश दिया है कि भारत से खरीदे गए सभी तरह की डीजल की जांच होनी चाहिए। फर्म का कहना है कि भारतीय डीजल की लैब में जांच हो ताकी इस बात का पता लग सके की उसमें रूसी कंपोनेंट मौजूद तो नहीं हैं। यूक्रेनी सुरक्षा एजेंसियों ने आदेश दिया है कि आयातित भारतीय डीज़ल ईंधन की सभी खेपों का प्रयोगशाला विश्लेषण किया जाए ताकि रूसी घटकों की मौजूदगी की जाँच की जा सके।


# चाइनीज फाइटर जेट फैक्ट्री में पाकिस्तान, जिनपिंग ने एक बार फिर भारत को दिया धोखा

बीजिंग

अमेरिका के टैरिफ के जवाब में एक तरफ भारत से दोस्ती तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ अपने संबधों की नुमाइश करता चीन बता रहा है कि इस समय उसकी प्राथमिकता सिर्फ पाकिस्तान पर टिकी हुई है। ये पूरी दुनिया जानती है कि टैरिफ के बीच भारत को सिर्फ और सिर्फ चीन मैनेज करने की कोशिश कर रहा है। भारत भी यही कर रहा है। भारत भी चीन को मैनेज कर रहा है। दोस्ती तक पहुंचना बहुत मुश्किल है। वो भी तब जब कुछ अलग तरह की तस्वीरें सामने आ रही हो। मई के महीने में हर मोर्चे पर भारत से मुंहतोड़ जवाब पाने के बाद पाकिस्तान अपने रक्षा उपकरणों को तेजी के साथ अपग्रेड करने, एडवांस करने और ज्यादा करने में जुट चुका है।

पाकिस्तान के इस सपने को सच करने में चीन उसका पूरा साथ दे रहा है। यानी भारत को एक और धोखा मिला है। चीन पाकिस्तान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। ऐसा मुल्क जिसके उपकरण की क्वालिटी पर ही हमेशा से शक रहा है। वो अपने देश के हथियारों को लगातार पाकिस्तान को बेच रहा है। कुछ उधार पर तो कुछ पैसे पर। हर साल लगातार पाकिस्तान चीन से नई टेक्नोलॉजी के उपकरण इंपोर्ट कर रहा है। लेकिन वो उसके कुछ काम नहीं आ रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में तो कैसे चीनी हथियार कबाड़ साबित हुए इसकी कई तस्वीर भी दुनिया के सामने आई। लेकिन ये भरोसा है कि टूट नहीं रहा। पाकिस्तान अब भी चीन से नए हथियारों को खरीदने की इच्छा रख रहा है। तभी तो पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी चीन के दौरे पर पहुंचे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को चीन में एक गुप्त सैन्य परिसर का दौरा कराया गया जहां उन्होंने संयुक्त रक्षा उत्पादन बढ़ाने की बात कही। जरदारी इस विशाल परिसर का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के संवैधानिक प्रमुख की जिम्मेदारी भी संभालने वाले जरदारी ने 'एविएशन इंडस्ट्री कॉरपोरेशन ऑफ चाइना' (एवीआईसी) का दौरा किया जहां उन्हें सबसे उन्नत सैन्य उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई और इसमें विशेष रूप से नए लड़ाकू विमान भी शामिल थे।



जरदारी के कार्यालय ने इस्लामाबाद में एक बयान में कहा कि उन्हें एवीआईसी की उन्नत क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें जे-10 लड़ाकू विमान, पाकिस्तान के साथ मिलकर बनाए जाने वाले जेएफ-17 थंडर समेत जे-20 विमान में प्रगति आदि शामिल है। चीन की 10 दिवसीय यात्रा पर आए जरदारी को आधुनिक बहु-क्षेत्रीय अभियानों के लिए मानव रहित हवाई वाहनों, पूर्ण स्वचालित इकाइयों और एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण प्रणालियों के बारे में भी जानकारी दी गई। चीन के विदेश मंत्रालय ने जरदारी के एवीआईसी दौरे और रक्षा उत्पादन पर चीन के साथ मजबूत सहयोग की उनकी बात को सोमवार को अधिक महत्व नहीं दिया। इसके बजाय मंत्रालय ने वैश्विक सुरक्षा सहयोग (जीएसआई) के प्रति अपने समर्थन की बात कही, जो एक चीनी सुरक्षा संरचना है और उसे अमेरिका के वैश्विक प्रभुत्व के प्रतिकार के रूप में प्रस्तुत किया गया है

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# टाइटल गीत लिखने में माहिर थे हसरत जयपुरी



हिन्दी फिल्मों में जब भी टाइटल गीतों का जिक्र होता है, गीतकार हसरत जयपुर का नाम सबसे पहले लिया जाता है ।वैसे तो हसरत जयपुरी ने हर तरह के गीत लिखे लेकिन फिल्मों के टाइटल पर गीत लिखने में उन्हें महारत हासिल थी । हिन्दी फिल्मों के स्वर्ण युग के दौरान टाइटल गीत लिखना बड़ी बात समझी जाती थी ।निर्माताओं को जब भी टाइटल गीत की जरूरत होती थी तब हसरत जयपुरी से गीत लिखवाने की गुजारिश की जाती थी।उनके लिखे टाइटल गीतों ने कई फिल्मों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।हसरत जयपुरी के लिखे कुछ टाइटल गीत हैं.. दीवाना मुझको लोग कहें ,दिल एक मंदिर है, रात और दिन दीया जले, तेरे घर के सामने इक घर बनाऊंगा,तेरे घर के सामने,ऐन इवनिंग इन पेरिस, गुमनाम है कोई बदनाम है कोई,दो जासूस करें महसूसआदि । 15 अप्रैल 1922 को जन्में हसरत जयपुरी .मूल नाम इकबाल हुसैन. ने जयपुर में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद अपने दादा फिदा हुसैन से उर्दू और फारसी की तालीम हासिल की।बीस वर्ष का होने तक उनका झुकाव शेरो-शायरी की तरफ होने लगा और वह छोटी-छोटी कविताएं लिखने लगे ।वर्ष 1940 में नौकरी की तलाश में हसरत जयपुरी ने मुम्बई का रूख किया और आजीविका चलाने के लिए वहां बस कंडक्टर के रूप में नौकरी करने लगे। इस काम के लिये उन्हे मात्र 11 रुपये प्रति माह वेतन मिला करता था।इस बीच उन्होंने मुशायरों के कार्यक्रम में भाग लेना शुरू किया।उसी दौरान एक कार्यक्रम में पृथ्वीराज कपूर उनके गीत को सुनकर काफी प्रभावित हुये और उन्होने अपने पुत्र राजकपूर को हसरत जयपुरी से मिलने की सलाह दी। राजकपूर उन दिनों अपनी फिल्म ..बरसात ..के लिये गीतकार की तलाश कर रहे थे।उन्होंने हसरत जयपुरी को मिलने का न्योता भेजा।राजकपूर से हसरत जयपुरी की पहली मुलाकात .रायल ओपेरा हाउस. में हुयी और उन्होने अपनी फिल्म बरसात के लिये उनसे गीत लिखने की गुजारिश की।इसे महज संयोग ही कहा जायेगा कि फिल्म बरसात से ही संगीतकार शंकर जयकिशन ने भी अपने सिने कैरियर की शुरूआत की थी ।राजकपूर के कहने पर शंकर जयकिशन ने हसरत जयपुरी को एक धुन सुनाई और उसपर उनसे गीत लिखने को कहा। धुन के बोल कुछ इस प्रकार थे

..अंबुआ का पेड़ है वहीं मुंडेर है
.. आजा मेरे बालमा काहे की देर है

शंकर जयकिशन की इस धुन को सुनकर हसरत जयपुरी ने गीत लिखा.. जिया बेकरार है छाई बहार है, आजा मेरे बालमा तेरा इंतजार है

1949 में प्रदर्शित फिल्म बरसात में अपने इस गीत.. की कामयाबी के बाद हसरत जयपुरी गीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये।बरसात की कामयाबी के बाद राजकपूर. हसरत जयपुरी और शंकर-जयकिशन की जोडी ने कई फिल्मो मे एक साथ काम किया।हसरत जयपुरी की जोड़ी राजकपूर के साथ वर्ष 1971 तक कायम रही।संगीतकार जयकिशन की मृत्यु और फिल्म मेरा नाम जोकर और कल आज और कल की बाक्स आफिस पर नाकामयाबी के बाद राजकपूर ने हसरत जयपुरी की जगह आनंद बख्शी को अपनी फिल्मों के लिये लेना शुरू कर दिया।हालांकि अपनी फिल्म ..प्रेम रोग ..के लिये राजकपूर ने एक बार फिर से हसरत जयपुरी को मौका देना चाहा लेकिन बात नही बनी ।इसके बाद हसरत जयपुरी ने राजकपूर के लिये वर्ष 1985 मे प्रदर्शित फिल्म राम तेरी गंगा मैली मे ..सुन साहिबा सुन..गीत लिखा जो काफी लोकप्रिय हुआ। हसरत जयपुरी को दो बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।हसरत जयपुरी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी टेबुल के डाक्ट्रेट अवार्ड और उर्दू कान्फ्रेंस में जोश मलीहाबादी अवार्ड से भी सम्मानित किये गये ।फिल्म मेरे हुजूर में हिन्दी और ब्रज भाषा में रचित गीत ..झनक झनक तोरी बाजे पायलिया .. के लिये वह अम्बेडकर अवार्ड से सम्मानित किये गये।हसरत जयपुरी ने यूं तो कई रूमानी गीत लिखे लेकिन असल जिदंगी में उन्हें अपना पहला प्यार नही मिला। बचपन के दिनों में उनका राधा नाम की हिन्दू लड़की से प्रेम हो गया था लेकिन उन्होंने अपने प्यार का इजहार नहीं किया।उन्होंने पत्र के माध्यम से अपने प्यार का इजहार करना चाहा लेकिन उसे देने की हिम्मत वह नहीं जुटा पाए।बाद में राजकपूर ने उस पत्र में लिखी कविता ..ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर तुम नाराज ना होना .. का इस्तेमाल अपनी फिल्म..संगम ..के लिये किया। हसरत जयपुरी ने तीन दशक लंबे अपने सिने कैरियर में 300 से अधिक फिल्मों के लिये लगभग 2000 गीत लिखे।अपने गीतों से कई वर्षो तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाला यह शायर और गीतकार 17 सिंतबर 1999 को संगीतप्रेमियों को अपने एक गीत की इन पंक्तियों ...तुम मुझे यूं भूला ना पाओगे...

जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे, संग संग तुम भी गुनगुनाओगे ..
की स्वर लहरियों में छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# मेघा रे ने दर्द को बनाई ताकत, जारी रखी शूटिंग



सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो दिव्य प्रेम= प्यार और रहस्य की कहानी% की मुख्य अभिनेत्री मेघा रे ने एंकल में गंभीर चोट लगने के बावजूद शूटिंग रोकने के बजाए पूरी ताकत और हिम्मत से सीन को पूरा किया। मेघा रे ने कहा, एक्शन सीक्वेंस के दौरान मुझे दौड़ना और पंच मारना था। अंधेरा था और मेरी साड़ी पाँव में फँस गई। मैं ज़ोर से गिरी और एड़ी में चोट लग गई। दर्द बहुत था, लेकिन मैंने वहीं क्रेप बैंडेज बाँध लिया और अगले एक-दो घंटे तक शूटिंग जारी रखी। मैं जानती थी कि इतना बड़ा सीन अधूरा छोड़ना ठीक नहीं होगा। शूट पर कई लोगों की मेहनत और समय लगता है, तो सिर्फ मेरी वजह से सबका काम रुकना मुझे मंजूर नहीं था। जब तक शूट पूरा हुआ, मेरी एड़ी में सूजन आ चुकी थी। बाद में डॉक्टर ने इलाज किया। अब मैं बैंडेज और साड़ी के नीचे स्पोर्ट्स शूज़ पहनकर शूट कर रही हूँ। मेघा का कहना है कि शूटिंग के दौरान उन्हें टीम से बहुत सहयोग मिला। उन्होंने कहा , मेरे को-एक्टर सूरज ने मुझे बहुत संभाला। मैं ठीक से चल भी नहीं पा रही थी, तो उन्होंने मुझे गोद में उठाकर एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाया। डायरेक्टर ने व्हीलचेयर का इंतज़ाम किया, जिससे मुझे ज्यादा चलना न पड़े, क्योंकि मेरा मेकअप रूम काफी दूर है। मेकअप और हेयर टीम से लेकर क्रू तक सबने मेरा साथ दिया। अभी मैं बेहतर महसूस कर रही हूँ। साथ ही, इलाज और दवाइयाँ भी चल रही हैं, लेकिन इसे मैं एक चैलेंज की तरह ले रही हूँ क्योंकि मुझे अपना काम बहुत प्रिय है। दिव्य प्रेम= प्यार और रहस्य की कहानी एक ऐसी युवती दिव्या (मेघा रे) की कहानी है, जो उज्जैन की रहने वाली है। उसकी ज़िंदगी तब बदल जाती है, जब उसकी मुलाकात प्रेम से होती है।

# 'घरवाली पेड़वाल' में हर्ष वशिष्ट निभाएंगे रमेश का किरदार



एण्डटीवी का नया शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों को हंसी, भावनाओं और अलौकिक मस्ती के साथ एक मजेदार और डरावने ट्विस्ट पर ले जाने के लिए तैयार है। इस शो में टेलीविजन के कुछ सबसे यादगार शोज में काम कर चुके मशहूर एवं वर्सेटाइल अभिनेता हर्ष वशिष्ट रमेश का किरदार निभाएंगे, जिन्हें सभी प्यार से 'चिल्ड चाचा' कहते हैं। रमेश अपनी मस्ती भरी और मजाकिया हरकतों से घर में हंसी और चटपटी गपशप का माहौल बनाए रखते हैं। उनकी खास अदा इस अनोखे प्रेम त्रिकोण को और रोचक बनाती है। हर्ष वशिष्ट ने अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, मैं लंबे समय से कॉमेडी शो करना चाहता था, क्योंकि आजकल टीवी पर ऐसे शो कम ही बनते हैं। पिछले कुछ सालों से, मैं वाकई में इस जोनर में कोई रोल निभाने को बहुत मिस कर रहा था। जब मुझे यह शो मिला, तो मुझे लगा कि यह मेरे लिए एकदम सही है। कहानी नई और ताजा है, टीम बहुत अच्छी है, और स्क्रिप्ट शानदार है। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

# सेवा कार्य कर मनाया गया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का जन्मदिवस





## मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस से चालू हुआ जनता की सेवा हेतु सेवा पखवाड़ा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा जिले के समस्त 22 मंडलों में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सेवा के कार्य किए गए। जिसके अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा के समस्त मंडलों में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ नारी सशक्त परिवार का शुभारंभ किया गया। जिले भर में हुए कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है -

**विधानसभा गोटेगांव** - गोटेगांव विधानसभा के गोटेगांव नगर में प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य में व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक महेन्द्र नागेश, भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, जिला उपाध्यक्ष निधान सिंह पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रद्धा चौकसे, वरिष्ठ नेता राजकुमार जैन एवं समस्त मंडल अध्यक्षों की गरिमामय उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी गोटेगांव एवं मणिनागेन्द्र सिंह फाउण्डेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 340 लोगों ने अपना पंजियन किया गया एवं 101 यूनिट का रक्तदान किया गया।

**नरसिंहपुर विधानसभा** - नरसिंहपुर विधानसभा के समस्त मंडलों में सफाई अभियान, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नरसिंहपुर नगर मंडल में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य व नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला संयोजक हरिप्रताप ममार, उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, पार्षदों, मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में सदर मंदिर, नरसिंह मंदिर में सफाई अभियान व शास्त्री वार्ड स्थित अटल पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण एवं शासकीय अस्पताल में चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया।

**तेन्दूखेड़ा विधानसभा** - विधानसभा तेन्दूखेड़ा नगर तेन्दखेड़ा में मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, पूर्व जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द पटैल, नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष हेमलता पटैल, संतोष पटेल, शिवदयाल खैरोनिया, राजीव अग्रवाल, देवेन्द्र गंगोलिया एवं मंडल अध्यक्षों की गरिमाय उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, सुगर, यूरिन, सिकिल शेल एनिमिया और अन्य खून की जांचे की गई एवं जांच उपरांत रोगियों को दवाईयां वितरित की गई। कार्यक्रम पश्चात् परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधा रोपड़ किया गया।

**गाडरवारा विधानसभा** - गाडरवारा विधानसभा के सभी मंडलों में शासकीय अस्पतालों में फल वितरण एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई की गई प्रमुख कार्यक्रम गाडरवारा नगर में पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेन्द्र डागा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधी रीतेश राय, जिला उपाध्यक्ष पूजा तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहरकांत गुर्जर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रयांक जैन, मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत शर्मा, संजय राजोरिया एवं पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य के गाडरवारा में किया गया जिसमें सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण व फल वितरण का आयोजन एवं नगर के समस्त शासकीय स्कूलों में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ सफाई की गई तत्पश्चात् पौधारोपण किया गया।



# नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी सफलता स्मैक का बड़ा तस्कर गिरफ्तार

### आरोपी से 50 ग्राम स्मैक जप्त, कीमत लगभग 5 लाख रूपये

### गिरफ्तार आरोपी के संगठित तस्करी नेटवर्क से जुड़े हो सकते है तार

### आरोपी की पुलिस रिमांड़ लेकर होगी पूछताछ

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋृषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए गए। इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए थाना ठेमी अंतर्गत स्मैक का बड़ा तस्करलाखन सिंह पटेल निवासी ग्राम रहली, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर गिरफ्तार किया गया । आरोपी के पास जप्त मादक पदार्थ = 50 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख अनुमानित) कर वैधानिक कार्यवाही धारा 8-ए (सी) 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड आरोपी लाखन सिंह पटेल पर पूर्व से एक आबकारी एक्ट एवं दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज है।इस तारतम्य में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 26.08.2025 से 15.09.2025 तक की गयी कुल कार्यवाही में स्मैक कुल १५ प्रकरणों में आरोपियों से १६५ ग्राम स्मैक जप्त कर कर कार्यवाही की गयी इसीप्रकार गांजा कुल ४प्रकरणों में ६ किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही में आरोपियों से 3 मोटरसाईकिलें भी जप्त की गयी है। अवैध शराब कुल १८२ मामलों में कुल जप्ती १४३२ लीटर अवैध जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों से २कार एव २ मोटर साईकिलें जप्त की गयी।अवैध हथियार के कुल ६ प्रकरणों में आठ आरोपियों की दर पकडकर ५ देशी पिस्टल ६ जिंदा कारतूस एवं ४ धारधार हथियार जप्त किये गये। उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया, अनु. अधिकारी पुलिस, गोटेगांव, श्री मनीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ठेमी, निरीक्षक प्रीति मिश्रा, सउनि राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल, सिद्धार्थ मिश्रा की मुख्य भूमिका रही है।

## भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम संपन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

प्रांतीय विश्वकर्मा समाज कल्याण संघ एवं अखंड विश्वकर्मा ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वाधान में भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन स्थानीय तुलसी मानस भवन में धूम नाम से संपन्न हुआ जिसमें पंडित श्री विष्णु प्रसाद खमरिया जी के द्वारा वैदिक मित्रों से पूजन हवन किया गया तत्पश्चात श्री विश्वकर्मा चालीसा एवं महा आरती की गई इसके बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में समाज की एवं अन्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अवश्य भव्य स्वरूप प्रदान किया संगठन की ओर से सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया गया इसी प्रकार सभी से आगामी कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा की जाती है कार्यक्रम में संगठन के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रही सभी ने अपना यथा सहयोग प्रदान किया।

## सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में की सहभागिता

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नरसिंह मंदिर परिसर में सांसद श्री चौधरी दर्शन सिंह, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री ऋृषिकेश मीना, अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों व नागरिकों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने एक साथ मंदिर परिसर एवं तालाब के आसपास कचरे को एकत्रित कर उसका सही स्थान पर लेकर जाकर निष्पादन किया। इस दौरान सभी नागरिकों से स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की अपील भी की गई।

# मानकविहीन निर्माण सामग्री से सामुदायिक भवन और बाउंड्री वॉल का निर्माण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

करंजिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेनगुड़ा में निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में पांचवें वित्त की राशि और सांसद निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों में सरपंच और सचिव ने उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है। शिकायत के अनुसार सांसद निधि से स्वीकृत 25 लाख रुपये की लागत से बड़े टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें मानक विहीन रेत और गिट्टी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जबकि बिलों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का भुगतान दिखाया गया है। इस तरह विकास की राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।



इसी प्रकार ग्राम पंचायत में हाल ही में 5 लाख 75 हजार रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें भी मानकों की अनदेखी कर जर्जर मकानों से निकाली ईंटें और मिट्टी मिली रेत का उपयोग किया गया। नतीजतन, कुछ ही महीनों में दीवारों में बड़ी दरारें पड़ गईं और वॉल की स्थिति इतनी खराब हो गई कि वह गिरने की कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों ने सरपंच देव सिंह नेटी और सचिव शंकर लाल मार्को पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निर्माण कार्यों के दौरान जब उन्होंने विरोध जताया तो उन्हें मारपीट की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सरपंच के द्वारा मनमानी पूर्वक सचिव के बिना हस्ताक्षर कराए ही लाखों रुपये के बिलों का भुगतान किया जा रहा है और पंचायत के सभी कार्यों का भुगतान अपने चहते सप्लायर च्द्दीपक ट्रेडर्सज्ज नामक फर्म को किया जा रहा है, जबकि गांव में इस नाम की बिल में दर्शाए गए पता में कोई सामग्री दुकान मौजूद ही नहीं है। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि भुगतान सिर्फ कागजों में दिखाकर राशि का गबन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि पंचायत में हुए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और सरपंच और सचिव के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन कोई कार्रवाई करता है या फिर कार्रवाई खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगी। खैर यह सब आने वाले कुछ दिनों में तय हो जाएगा। बरहाल ग्रामीणों का कहना है कि कलेक्टर के द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं मोहन राम तालाब में श्रमदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के निर्देशन मैं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी स्टेडियम से मोहन राम तालाब तक छात्र, छात्राओं द्वारा रैली एवं मोहन राम तालाब में श्रमदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के मार्गदर्शन में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मोहन राम तालाब में स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी पार्षद एवं शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा तालाब के कुंड की सफाई मानव श्रृंखला बनाकर कराई गई इस अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पार्षद सिल्लू रजक, उप यंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, पुनीत त्रिपाठी, अनिल महोबिया, सत्यकाम मिश्रा, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, एनसीसी एवं छात्र-छात्राएं, एवं शहर के वार्ड वासियों के मौजूदगी में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में यूडीआईडी कार्ड/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए 18 को आयोजित होगा शिविर

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगरीय क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत दिव्यांगता के लिए यूडीआईडी कार्ड/ दिव्यांगता पत्र बनाने के लिए जिला मेडिकल बोर्ड नरसिंहपुर द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में गुरूवार 18 सितम्बर को प्रात॰ 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। ऐसे सभी दिव्यांग जिनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने हैं अथवा नवीनीकरण किया जाना है, वे उक्त शिविर में अपनी समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं।

# एनटीपीसी गाडरवारा में हिंदी पखवाड़ा 2025 का किया शुभारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी गाडरवारा में इस वर्ष भी, परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 से 30 सितम्बर 2025 तक आयोजित होगा। इन दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ आयोजित कर कर्मचारियों और परिवारजनों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। हिंदी पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ 15 सितम्बर 2025 को परियोजना परिसर में हुआ। इस अवसर पर श्याम कुमार परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी गाडरवारा ने महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को



संबोधित करते हुए हिंदी को कार्य और संवाद की भाषा बनाने की शपथ दिलाई। अपने संदेश में श्याम कुमार परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी गाडरवारा ने कहा कि हिंदी केवल मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक पहचान की प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी को अधिक से अधिक अपनाएँ और राजभाषा नीति को सफल बनाने में सहयोग दें।

इस अवसर पर कर्मचारियों, उनके परिजनों, स्कूली बच्चों तथा सहयोगी एजेंसियों के लिए निबंध लेखन, विचार प्रस्तुति, हास्य कवि सम्मेलन, कविता-पाठ और गीत गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी तय किया गया है।

इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से एनटीपीसी गाडरवारा लगातार कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग हेतु प्रेरित करता रहा है, जिससे हिंदी को कार्यकुशलता और प्रभावशीलता की भाषा के रूप में और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# विश्वकर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा

### संत मंगल दास त्यागी हुए शामिल

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

ओम श्री भगवान विश्वकर्मा मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें श्री विश्वकर्मा पूजन एवं भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली गई। जो पानी टंकी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भगवान विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में पालकी की सवार भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। शोभायात्रा के आगे आगे युवा वर्ग



हाथों में धर्म ध्वज लेकर चल हरे थे। जुलूस में बैंड बाजे साउंड सिस्टम पर युवा नृत्य करते हुए उत्साहित नजर आए । शोभा यात्रा में जोड़ गणपति हनुमान मंदिर ओंकारेश्वर के महंत मंगलदास त्यागी महाराज पूरे समय शामिल रहे। ओम श्री विश्वकर्मा मंदिर सेवा समिति द्वारा व्यवस्थित तरीके से शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस में मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही। पानी टंकी के पास स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में दिन भर विशेष पूजा अर्चना चलती रही महाआरती का आयोजन भी किया गया । ओम श्री विश्वकर्मा मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, मोना कौरव सहित पार्षदों ने उपस्थित होकर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की प्रशंसा की । भगवान विश्वकर्मा मंदिर में सुबह से पूजन हवन प्रारंभ हो गया था । सामाजिक बंधुओं ने विशाल वाहन रैली भी निकाली । विभिन्न कार्यक्रमों में ओम श्री विश्वकर्मा मंदिर सेवा समिति एवं सामाजिक बंधुओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# साहू समाज एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर किया पौधा रोपण

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** साहू समाज के गौरव भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव पर साहू समाज गाडरवारा एवं साहू युवा संगठन के सदस्यों द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं युवा संगठन सदस्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर केक काटकर फ़लदार पौधों का रोपण किया गया। रक्षा सूत्र बांधते हुए,कुमकुम तिलक कर पुष्प चढ़ाए गए।



विधानसभा प्रतिनिधि नीलेश साहू द्वारा बताया गया कि आज हम सब सामाजिक सदस्यों ने मिलकर हमारे समाज के गौरव एवं देश के प्रधानमंत्री जी का 75 वा जन्मदिन बड़े उत्साह,हर्ष के साथ मनाया।और अनेको कार्यक्रम हमारी विधानसभा में सभी के द्वारा आज प्रधानमंत्री जी की जन्मोत्सव में किये जा रहे हैं। हमें प्रधानमंत्री जी से यह सीख मिलती है कि उनकी जो दिनचर्या एवं कार्य करने की शैली है और जिस नम्रता से वह काम करते हैं। यह शैली अपने जीवन में उतारकर उन्हें अपना मार्गदर्शक बनाना चाहिए। उनका मित्रता का भी एक अलग ही अंदाज अपने पड़ोसी मुल्कों से है।यह भी सीख हमें उनसे मिलती। इन सभी कार्यक्रमों में समाज के वरिष्ठ सदस्य विनोद साहू, सतीश साहू, रामेश्वर साहू,शिवदयाल साहू, जानकी साहू,यशवंत साहू,ओम प्रकाश साहू, रूपश्री साहू,मनोहर साहू,ब्रजेश साहू,संजय साहू,सौरभ साहू पवन साहू, रोशन साहू,ललित साहू सुदीप साहू, आशीष साहू,नीलेश साहू, बसंत साहू सहित समाज के अनेकों लोगों ने प्रधानमंत्री जी के जन्म उत्सव पर पौधारोपण किया।

# सांसद, महापौर की मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

## स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसकी जिम्मेदारी सभी की हैः सांसद श्री शर्मा






कटनी (स्वतंत्रमत)

शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बुधवार प्रातः खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पार्षदगण सहित अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं, स्कूली छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में माधवनगर स्थित अमीरगंज तालाब में सामूहिक श्रमदान के साथ हुआ। स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर लोकसभा खजुराहो सांसद भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, सुमन राजू माखीजा, डॉ रमेश सोनी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, विनोद लाला यादव, निगमायुक्त नीलेश दुबे, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, उपायुक्त शैलेश गुप्ता, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, राजकिशोर यादव, विजय डब्बू रजक, रजनी विष्णु केवट, सौरभ अग्रवाल, सुनील उपाध्याय, आशीष गुप्ता, देवानंद आसरानी, मृदुल द्विवेदी, ब्रांड एंबेसडर नीलम जगवानी, निशा तिवारी, आशुतोष मानके एवं उनकी टीम शिकागो पब्लिक स्कूल के छात्र एवं शिक्षक-शिक्षिका सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही। विशाल जनसमूह की मौजूदगी में स्वच्छता जागरूकता के नारों के साथ सामूहिक श्रमदान कर तालाब के किनारे फैले विभिन्न अपशिष्ट, पन्नियां, पूजन सामग्री, कपड़े मूर्ति आदि की सफाई की जाकर कैरीबैग में एकत्रित किया गया। सामूहिक श्रमदान के दौरान फावड़े व पंजे के माध्यम से तालाब के किनारे की चोई, गीला कचरा, अपशिष्ट को निकाला गया और कतार बनकर तसले के माध्यम से अपशिष्ट को निगम वाहन में एकत्रित किया गया जाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा को संबोधित करते हुए सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान देश के विश्व गुरू बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। स्वच्छता को अपनाने से हम स्वच्छ रहेंगे तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर पाएंगे। स्वच्छता को स्वभाव में अपनाने पर हमारे शरीर के साथ-साथ हमारा मन भी निर्मल होगा। हमारे मन में लोगों के प्रति सद्भाव होगा जिससे हम एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे। इस दौरान उन्होंने इंदौर शहर की स्वच्छता हेतु नागरिकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले सहयोग की जानकारी से अवगत कराते हुए शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले स्वच्छता दूतों को पुष्पहार से सम्मानित किया जाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### स्वच्छता की ली शपथ

कार्यक्रम समापन के पूर्व सांसद विष्णुदत्त शर्मा नें उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों, छात्रों गणमान्य नागरिकों को कचरा निर्धारित स्थल पर ही डालनें, यहां वहां गंदगी न फैलानें एवं इस हेतु दूसरों को प्रेरित कर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखनें की शपथ दिलाई जाकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान से जुड़कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें में अपना महत्पूर्ण सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, ओमसाईं विजन की टीम, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, कस्तूरचंद, राजेश कुमार, कांलीराम चंदानी, संजय गौतम सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




# भगवत भक्ति से ही मोक्ष प्राप्ति संभवः दिनेश शास्त्री

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बाकल समीपस्थ ग्राम राजा सलैया में 11 से 18 सितम्बर तका आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। पांचवे दिन कथा माहात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक पं दिनेश शास्त्री महोड बालो ने कहा कि रामायण महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है ये सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करे कि अपनी मुक्ति को प्राप्त कर कर सके उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। भागवत माहात्मय का व्याख्यान करते हुए भक्ति



ज्ञान वैराग्य का बहुत ही सुन्दर वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि इस कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने भर मात्र से सहज ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है बजाज परिवार के नरबद प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार द्वारा कथा मे नियमित प्रातः सामूहिक परायण प्रवचन संध्या आरती एव प्रसाद वितरण किया गया साथ ही समस्त धर्मप्रेमी जनो से 18 सितम्बर को होने बाले भंडारे मे पहुंचने की अपील की।

# जेपीवी डीएवी विद्यालय में भगवान विश्वकर्मा पूजन




कटनी (स्वतंत्रमत)

जेपीवी डीएवी विद्यालय में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया भगवान विश्वकर्मा पूजन दिनांक 17 सितम्बर दिन को सृष्टि के सर्व प्रथम अभियंता, शिल्पकार और रचनाकार, देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन अत्यंत श्रद्धा पूर्वक वैदिक हवन यज्ञ सहित आयोजित किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता, डीएवी विद्यालय उकवा के प्रधानाचार्य मनीष सिंह की उपस्थिति एवं यज्ञाचार्य सतानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ प्राचार्य द्वारा भगवान विश्वकर्मा का वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजन किया गया सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों, बस चालकों, परिचालकों के द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुखों द्वारा विद्यालय में प्रयुक्त समस्त मशीनरीज, संगणकों, बसों एवं सभी कलपुर्जों का विधिवत पूजन किया गया। साथ ही सभी बस चालकों परिचालकों, आया, दीदियों विद्यालय संचालन में सहायक समस्त चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उपहार प्रदान किए गए। इसी अवसर पर प्राचार्य ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए हुए विश्वकर्मा जयंती के महत्व को स्पष्ट किया तथा सभी को अपने कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया।

## जीतू पटवारी आज जिले के दौरे पर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी आज जिले के दौरे पर आएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 18 सितम्बर गुरुवार को जिले के दौरे पर आएंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कटनी जिले की सीमा पर बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम विलायकला में कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात कटनी बायपास पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम स्लीमनाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे बहोरीबंद विधानसभा मुख्यालय में आयोजित रघुनाथ शाह और शंकर शाह के बलिदान समारोह में शामिल होंगे।

# सेवा पखवाड़ा अभियानः स्वच्छता रैली और जागरूकता कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)




मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा, और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसी तारतम्य में, प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में, महाविद्यालय में 17 सितंबर 2025 को एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्यों को साकार करना था। स्वच्छता रैली का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस की छात्राएं, विद्यार्थी, शिक्षकगण, और कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से होती हुई पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता से संबंधित नारे लगाए, जैसे स्वच्छता अपनाओ, देश को सुंदर बनाओ और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। ये नारे स्थानीय लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में प्रभावी रहे। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न संदेशों वाले बैनर और पोस्टर भी प्रदर्शित किए। रैली के पश्चात, महाविद्यालय परिसर में एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान में सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की। परिसर में बिखरे कचरे को एकत्रित किया गया, और कूड़ेदानों को व्यवस्थित किया गया। इसके अतिरिक्त, परिसर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कक्षाओं, पुस्तकालय, और बगीचों को साफ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण के महत्व के बारे में भी बताया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना जैन ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अभियान में डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. सोनिया कश्यप, विनीत सोनी, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, डॉ. रीना मिश्रा, स्मृति दहायत, नम्रता निगम, रिचा दुबे एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती में महापौर ने छात्रों के साथ किया पौधारोपण

## पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यकः महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महापौर विगत दिवस सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के साथ मिलकर अशोक और नीम के पौधों का रोपण किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक



पौधारोपण में भाग लिया और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव सहित शाला स्टॉफ, गणमान्यजन एवं छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही। पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंची महापौर ने छात्रों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

# सिंधी कवि सम्मेलन रविवार 21 सितम्बर को, प्रदेश के प्रसिद सिंधी कवि आयेंगे

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा एवं झूलेलाल सेवा समिति गुरुनानक वार्ड के सहयोग से आगामी रविवार सायकाल 7 बजे से मुहूर्त गार्डन धर्मलोक हास्पीटल के पास आदर्श कालोनी में विकसित भारत भव्य सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है समाज सेवी संजय खूबचंदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सिंधी काव्य पाठ मैं प्रदेश के प्रसिद्ध सिंधी कवि तथा कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें रश्मि रामानी इंदौर, कन्हैया मोटवानी भोपाल, नमोश तलरेजा इंदौर, मुस्कान बचानी बिलासपुर, चित्रा चेलानी भोपाल, विनिता मोटलानी इंदौर एवं अशोक जामनानी नर्मदापुरम, को आमंत्रित किया गया है तथा इस सिंधी कवि सम्मेलन के खास मेहमान के रूप में जबलपुर केंट के लोकप्रिय विधायक अशोक रोहाणी व मुडवारा कटनी के लोकप्रिय विधायक संदीप जायसवाल रहेंगे कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, के अध्यक्ष चंदूलाल जादवानी, झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष नानकराम खूबचंदानी, सचिव सुनिल हसिजा अमर चेतवानी, नेवंदराम खूबचंदानी, सुरेश गांधी आदि जनों ने इस भव्य सिंधी कवि सम्मेलन मैं उपस्थिति की अपील की है।

# मप्र लेखिका संघ ने की विश्व हिन्दी दिवस पर काव्य गोष्ठी

कटनी (स्वतंत्रमत)



विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर मप्र लेखिका संघ द्वारा ऊषा नौगरहिया के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिणा नौगरहिया ने भगवान श्रीकृष्ण के गीत पर नृत्य प्रस्तुति से की, जिस पर सभी सदस्यों ने तालियाँ बजाकर उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात् एक से बढ़कर एक काव्य और गीत प्रस्तुत किए गए। अर्चना सोनी ने माँ की वंदना पर मनमोहक गीत गाया, कान्ता भौमिया ने हिन्दी साहित्य पर प्रभावी कविता प्रस्तुत की, शशि शुक्ला ने पितृपक्ष के महत्व को रेखांकित किया, भारती तिवारी ने हिन्दी के स्वर-व्यंजन की व्याख्या की, निधि ने हिन्दी के प्रयोग पर प्रकाश डाला। निशि एवं कल्पना चौरसिया ने हिन्दी पर काव्य पाठ कर हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दीं, ऊषा नौगरहिया ने उम्र बीती पता ना चला शीर्षक से कविता सुनाई। अध्यक्ष डॉ. ऊषा पाण्डेय ने पितृपक्ष में बुजुर्गों को याद करते हुए काव्य पाठ किया। काजल नौगरहिया एवं सुधा गुप्ता ने बाँके बिहारी का भजन प्रस्तुत किया। दीपश्री नौगरहिया ने सत्य पथ पर कविता से सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों को डॉ. ऊषा पाण्डेय अध्यक्ष, मप्र लेखिका संघ द्वारा पेन तथा ऊषा नौगरहिया द्वारा सिंदूर की डिब्बी भेंट की गई। स्वल्पाहार के उपरांत ऊषा नौगरहिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

# मुख्यमंत्री बड़वारा में 233 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात

कटनी (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 सितम्बर को बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 233.82 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री 106.18 करोड़ रुपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ रुपये के 14 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।

### इन विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री गुरूवार को विकासखंड बड़वारा में 35.5 करोड़ रूपये की लागत से बने बड़वारा सांदीपनि विद्यालय के मुख्य भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र मझगवां, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र निपनिया, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र बहिरहटा खिरहनी, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र बिचपुरा का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार विकासखंड रीठी में 33.66 करोड़ रूपये से बने रीठी सांदीपनि विद्यालय एवं 3.06 करोड़ के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 नग जी-टाईप एवं 01 नग एच-टाईप आवासगृह निटर्रा का लोकार्पण करेंगे। वहीं विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत 7.95 करोड़ के संयुक्त तहसील कार्यालय का भवन स्लीमनाबाद एवं 3.06 करोड़ के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 नग जी-टाईप एवं 01 नग एच-टाईप आवासगृह कुआं का लोकार्पण करेंगे। इसे अलावा विकासखंड कटनी में 6.4 करोड़ की लागत से बने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन कटनी, 1.59 करोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरीहटाई, 2.65 करोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडेरा मय 1जी, 1एच टाइप आवासीय भवन, 1.31 करोड़ की केवलारी नल जीवन मिशन, 0.55 करोड़ की सुरखी नल जीवन मिशन, 0.735 करोड़ की जल जीवन मिशन खिरहनी, 0.918 करोड़ की झलवारा जल जीवन मिशन, 3.57 करोड़ की म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी का नवीन भवन एवं लाइब्रेरी भवन एवं विकासखंड ढीमरखेड़ा में 2.02 करोड़ की लागत से बने 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कछारगांव एवं 0.6 करोड़ की मल्टीपरपज सेंटर कोठी का भी लोकार्पण करेंगे।



### इन विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री अमृत 2.0 योजनांतर्गत 37.58 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट कटनी और 52.54 करोड़ के वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट कटनी का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ में 2.48 करोड़ के इटौरा बगइचा टोला मार्ग, 1.39 करोड़ के मोहास नं-1 में हाई स्कूल भवन का निर्माण, 1.39 करोड़ के बुजबुजा में हाई स्कूल भवन का निर्माण, विकासखंड बहोरीबंद में 2.08 करोड़ के बाकल मुख्य मार्ग के पेट्रोल पंप से पुरानी बाजार तक सीमेंट कांक्रीट मार्ग, 2.31 करोड़ के बड़ी डुंगरिया मार्ग से छोटी डुंगरिया मार्ग, 3.45 करोड़ के मवई सल्हना कमनिया गेट से सल्हना मार्ग, 1.57 करोड़ के खमतरा से सिहुड़ी मार्ग तक मार्ग निर्माण एवं 3.16 करोड़ के वीरांगना रानी दुर्गावती डिग्री कॉलेज बहोरीबंद में 10 अतिरिक्त क्लास रूम के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा विकासखंड बड़वारा में 5.3 करोड़ के सारंगपुर से कटरा मार्ग निर्माण, विकासखंड ढीमरखेड़ा में 5.26 करोड़ के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा भवन निर्माण, विकासखंड कटनी में 2.97 करोड़ के शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में ऑनलाईन परीक्षा हेतु 200 छात्रों की बैठक क्षमता के लिए कम्प्यूटर लैब भवन का निर्माण कार्य एवं 6.16 करोड़ के कटनी में 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन करेंगे।

# 8 भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में बनाई जगह

नयी दिल्ली (वार्ता)।

आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है।



### भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह

मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुईं। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है।

### ईशा सिंह ने10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया

ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली।

### पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की

आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है। स्वर्ण विजेताओं को 5,000 यूरो, रजत विजेताओं को 4,000 यूरो और कांस्य विजेताओं को 2,000 यूरो दिए जाएंगे। इन क्वालीफिकेशन के अलावा भारतीय एथलीटों के पास अभी भी दोहा फाइनल्स में जगह बनाने का मौका रहेगा, जब वे अक्टूबर और नवंबर में क्रमशः एथेंस (ग्रीस) में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप शॉटगन और काहिरा (मिस्र) में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल में हिस्सा लेंगे।

### भारत का अभियान इस साल सबसे सफल रहा

राइफल/पिस्टल के चार वर्ल्ड कप चरणों-ब्यूनस आयर्स, लीमा, म्यूनिख और निंगबो के साथ-साथ साइप्रस के निकोसिया और इटली के लोनेटो में आयोजित शॉटगन वर्ल्ड कप्स में भारत का अभियान इस साल अब तक का सबसे सफल रहा। भारतीय निशानेबाजों ने राइफल, पिस्टल और शॉटगन इवेंट्स में कुल 22 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य शामिल हैं। इसके साथ ही भारत समग्र तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, जिसने एक बार फिर यह साबित किया कि वह दुनिया की सबसे मजबूत शूटिंग राष्ट्रों में से एक है।

## भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 102 रनों से हराया


**न्यू चंडीगढ़ (वार्ता)।** स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और दीप्ति शर्मा (40 ) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों बेहतरी प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 102 रनों से हरा दिया। 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जॉर्जिया वॉल (शून्य) को रेणुका सिंह ने बोल्ड आउट किया। पांचवें ओवर में क्रांति गौड़ ने कप्तान अलिसा हीली (छह) का शिकार किया। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (18) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऐनाबेल सदरलैंड ने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में राधा यादव ने एलिस पेरी (44) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 30वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने ऐनाबेल सदरलैंड (45) को आउट किया।




## वरुण चक्रवर्ती बने टी-20 रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज

**दुबई (वार्ता)।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती आईसीसी की पुरुषों की टी-20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यूएई के ख़िलाफ 1 रन देकर 4 विकेट और पाकिस्तान के ख़िलाफ 24 रन देकर 1 विकेट लेने के प्रदर्शन से यह स्थान पाया। वह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के बाद नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं। 34 साल के चक्रवर्ती ने न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ जैकब डफ़ी को पीछे छोड़ा, जो मार्च से नंबर-1 पर थे। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा भी अपने पहले तीन एशिया कप मैचों में दो विकेट लेने के बाद छह स्थान ऊपर उठकर छठे नंबर पर आ गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के कलाईयों के स्पिनर सुफ़ियान मुकीम चार स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं, वहीं भारत के बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें पर आ गए हैं। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद 11 स्थान ऊपर उछलकर 16वें पर आ गए हैं, जबकि कुलदीप यादव 16 स्थान की छलांग के साथ 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अफ़ग़ानिस्तान के नूर अहमद 25वें स्थान पर हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई के ख़िलाफ 16 गेंदों पर 30 और पाकिस्तान के ख़िलाफ़ 13 गेंदों पर 31 रन बनाकर टी-20 बल्लेबाज़ों में अपने नंबर-1 स्थान को और मज़बूत किया है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ फ़िल सॉल्ट और जॉस बटलर दोनों एक-एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे और तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सॉल्ट ने हाल ही में साउथ अफ़्रीका के ख़िलाफ़ दूसरे टी-20 में 60 गेंदों पर नाबाद 141 रनों की पारी खेली थी, जो कि इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा टी-20 स्कोर और सबसे तेज शतक है। बटलर ने इस मैच में 30 गेंदों पर 83 रन बनाए थे। यह पहली बार है जब बटलर टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष-3 में पहुंचे हैं।

## नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भाला फेंक फाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**टोक्यो (वार्ता)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था।

## सुपर चार में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगे अफगानिस्तान-श्रीलंका

अबू धाबी (वार्ता)।

श्रीलंका और अफगानिस्तान गुरुवार को एशिया कप 2025 के सुपर चार में जगह बनाने भिड़ेंगे। अफगानिस्तान के लिए जहां टूर्नामेंट में करो या मरो की स्थिति है वहीं श्रीलंका श्रीलंका अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में चार जीत की लय के साथ आत्मविश्वास से भरा हुआ है। कल ज़ायेद क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में श्रीलंका का पलड़ा भारी है। सलामी बल्लेबाज, विशेषकर पथुम निसांका, शानदार फॉर्म में हैं, तेज शुरुआत दे रहे हैं। चरित असलांका का युवा और अनुभवी संयोजन उन्हें एक संतुलित टीम बनाता है। कुसल मेंडिस और कुसल परेरा पारी की नींव रख सकते हैं, जबकि वानिंदु हसरंगा और दासुन शनाका जैसे पावर हिटर एक ही ओवर में मैच का रुख बदल सकते हैं। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा शुरुआत में ही आक्रामक हो सकते हैं, जबकि स्पिनर महेश दीक्षाना और हसरंगा बीच के ओवरों में किसी भी टर्न का फायदा उठा सकते हैं। राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम के लिए यह एक कठिन परीक्षा होगी। बल्लेबाजी में कुछ खास बदलाव नहीं हुए हैं, रहमानुल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल शीर्ष क्रम में उम्मीद जगाते हैं, लेकिन उन्हें दबाव में और अधिक निरंतरता की आवश्यकता होगी। मोहम्मद नबी और गुलबदीन नैब सहित मध्य क्रम को साझेदारियां बनानी होंगी, जबकि अगर अफगानिस्तान को मैच में बने रहना है तो राशिद की लेग स्पिन और डेथ ओवरों में गेंदबाजी का हुनर बेहद अहम होगा। पिच की बात की जाये तो शेख जायद की पिच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के पक्ष में रहा है। यहां स्पिनर गेंद को टर्न करा सकते हैं और तेज गेंदबाजो को शुरुआत में ही लय हासिल करनी होती है। हाल के मैचों में यहां लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल रहा है, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय बन गया है।



### श्रीलंका की संभावित एकादश

चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा

### अफगानिस्तान की संभावित एकादश

राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, अजमतुल्लाह ओमरजई , मोहम्मद नबी, करीम जनत, नूर अहमद, एएम गजनफर और फजलहक फारूकी।

## आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए किंगमा पर प्रतिबंध

**दुबई (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नीदरलैंड के तेज गेंदबाज विवियन किंगमा पर आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय किंगमा का 12 मई को यूट्रेक्ट में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय मैच के बाद उनके नमूने में बेन्ज़ोइलेक्गोनिन नामक कोकीन मेटाबोलाइट पाया गया। यह पदार्थ आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के तहत दुरुपयोग का पदार्थ माना जाता है। किंगमा ने अपने इस अपराध को स्वीकार कर लिया है और वह यह साबित करने में भी सक्षम रहे कि उन्होंने टूर्नामेंट के बाहर इस पदार्थ का सेवन किया था। इस वजह से किंगमा को तीन महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया। यह प्रतिबंध 15 अगस्त से लागू हुआ। आईसीसी की ओर से कहा गया है कि आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के अनुसार 12 मई को यूएई के खिलाफ हुए एकदिवसीय मैच और उसके बाद के मैचों में किंगमा के रिकॉर्ड को रिकॉर्डबुक से हटा दिया गया है।



## स्पिनी ने पुरानी कारों पर विशेष छूट की घोषणा की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में वाहनों की कीमतों में कटौती से पहले पुरानी कारों के विक्रेता स्पिनी ने तत्काल प्रभाव से अपने ग्राहकों के लिए छूट की घोषणा की है। स्पिनी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हालांकि जीएसटी में पुरानी कारों पर कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कंपनी ने खुद ही ग्राहकों को विशेष छूट देने का फैसला किया है। इसमें दो लाख रुपये तक की छूट दी जायेगी। स्पिनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कारोबार प्रमुख हनीश यादव ने कहा कि कंपनी ने खुद पहल करते हुये 22 सितंबर को जीएसटी दरों में कटौती के प्रभावी होने से पहले कीमतों में कटौती का फैसला किया है।

## गेहूं मजबूत, तेल में घट-बढ़, दाल में गिरावट



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गये, जबकि गेहूं में तेजी का रुख रहा। चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दालों के भाव टूट गये, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया दिवस के मौके पर बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट चढ़कर 4,477 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.61 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपये टूटकर 3,856.46 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं सात रुपये मजबूत हुआ और 2,864.95 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गये और यह 3,306.55 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 59 रुपये और सूरजमुखी तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में भी 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मूंगफील तेल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल तीन रुपये और वनस्पति 28 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में आज गिरावट रही। तुअर दाल की औसत कीमत करीब 30 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। उड़द दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। मूंग दाल 28 रुपये और मसूर दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुयी। गुड़-चीनी ¯ मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि चीनी के भाव में टिकाव रहा।दाल-दलहन ¯ दाल चना 7962.31 रुपये, मसूर काली 8173.04 रुपये, मूंग दाल 10111.01 रुपये, उड़द दाल 10432.37 रुपये, अरहर दाल 10640.25 रुपये प्रति क्विंटल। (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2864.95 रुपये और चावल 3856.46 रुपये प्रति क्विंटल।

## रुपया 24 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी निवेशकों के सकारात्मक रुख और शेयर बाजार में जारी तेजी से बुधवार को रुपये में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 24 पैसे की जबरदस्त मजबूती के साथ 87.85 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय मुद्रा चार दिन में 50 पैसे मजबूत हो चुकी है। इससे पहले मंगलवार को यह सात पैसे की बढ़त के साथ 88.09 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज शुरू से ही जबरदस्त तेजी रही। यह 25 पैसे चढ़कर 87.84 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन 87.7150 रुपये प्रति डॉलर से 87.8650 रुपये प्रति डॉलर के बीच रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार दूसरे सप्ताह भारतीय पूंजी बाजार में लिवाल बने हुए हैं। इससे रुपये में मजबूती दर्ज की जा रही है।

## त्योहारों के दौरान दुपहिया ऋण के लिए एलएंडटी की तीन योजनायें

**मुंबई (वार्ता)।** अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने अपने दुपहिया वाहन फाइनेंस ग्राहकों के लिए बुधवार को तीन नयी ऋण योजनाओं की घोषणा की। इन योजनाओं में नो कॉस्ट ईएमआई, शीघ्र भुगतान छूट और ईएमआई लाइट फेस्टिव (2025 में खरीदें और 2026 में भुगतान करें) शामिल हैं। नो कॉस्ट ईएमआई योजना के तहत ग्राहक ऋण राशि पर ब्याज दिये बिना ऋण ले सकते हैं। ग्राहकों को सिर्फ मामूली दस्तावेज शुल्क देना होगा। शीघ्र भुगतान छूट योजना उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जो न्यूनतम 36 महीने की पुनर्भुगतान अवधि चुनते हैं। उन्हें 35 महीने तक सफलतापूर्वक ईएमआई चुकाने पर अंतिम ईएमआई नहीं देनी होगी। ईएमआई लाइट फेस्टिव स्कीम ग्राहकों को ऋण अवधि के पहले दो महीनों के लिए ईएमआई के केवल ब्याज वाले हिस्से का भुगतान करने की अनुमति देती है, इस शुरुआती अवधि के दौरान उनके मासिक भुगतान में कोई मूल राशि शामिल नहीं होती है। इस प्रकार, इसे 2025 में खरीदें और 2026 में चुकायें नाम दिया गया है। एलटीएफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदीप्त रॉय ने कहा, हमारे दुपहिया वित्त पोषण व्यवसाय में प्रोजेक्ट साइक्लॉप्स का एक उन्नत संस्करण अब उपलब्ध है और बाइक तथा स्कूटर के लिए संशोधित जीएसटी स्लैब इसी महीने से लागू हो रहे हैं। यह हमारे ग्राहकों के लिए आकर्षक योजनायें शुरू करने का एक उपयुक्त समय है।




## पूर्वोत्तर के बरबई-सायरंग परियोजना में लगा सेल का इस्पात

नयी दिल्ली (वार्ता)।

सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने मिजोरम में 51 किलोमीटर लंबी बरबई-सायरंग रेलवे परियोजना के लिए लगभग 15,000 टन उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है। सेल ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने इस परियोजना के लिए अपने भिलाई इस्पात संयंत्र से लगभग 10,000 टन उच्च-श्रेणी के आर-260 प्राइम रेल की आपूर्ति की है। इसके अतिरिक्त बोकारो, राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर और बर्नपुर इस्पात संयंत्रों से प्लेट, टीएमटी और स्ट्रक्चरल स्टील सहित लगभग 5,000 टन अन्य आवश्यक इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 सितंबर को बरबई-सायरंग परियोजना का उद्घाटन किया था। यह देश में अंतर-क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह व्यापक आपूर्ति राष्ट्र-निर्माण में सेल की विश्वसनीय भागीदारी को रेखांकित करती है, जो महत्वपूर्ण अवसंरचना के लिए आवश्यक मजबूती और गुणवत्ता प्रदान करती है।




## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 313 अंक मजबूत

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी का रुख बना रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.02 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 91.15 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 25,330.25 अंक पर पहुंच गया। हालांकि मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.02 फीसदी की गिरावट देखी गयी। वहीं, छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

एनएसई में सरकारी बैंक, ऑटो, आईटी, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, धातु, फार्मा, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों के शेयरों में गिरावट देशी गयी। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 10 के लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.43, मारुति सुजुकी का 1.35, ट्रेंट का 1.21, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.20 और टेक महिंद्रा का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स में भी तेजी रही।



बजाज फिनसर्व का शेयर 0.99 फीसदी लुढ़क गया। टाइटन के शेयर में 0.98 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूट गये। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.25 फीसदी लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.78 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.09 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20 प्रतिशत ऊपर था।

## नाबार्ड की बैठक में दिल्ली राज्य सहकारी बैंक के आधुनिकीकरण पर जोर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आयोजित एक बैठक में दिल्ली राज्य सहकारी बैंक के आधुनिकीकरण और व्यवसाय में विविधता लाने पर जोर दिया गया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली की अल्पावधि सहकारी ऋण संस्थाओं पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की पहली बैठक मंगलवार को नाबार्ड के नयी दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गयी थी। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली सरकार में सहकारिता सचिव शिल्पा शिंदे ने की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक अशोक कुमार, दिल्ली सरकार में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कृष्ण कुमार सिंह, दिल्ली राज्य सहकारी बैंक के कार्यवाहक प्रबंध निदेशक राजीव कुमार कादयान, नाबार्ड नयी दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी एवं महाप्रबंधक नवीन कुमार राय, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सावित्री सिंह और सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में दिल्ली राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रदर्शन पर गहन चर्चा की गयी और दिशा-निर्देशों/निर्देशों के अनुपालन से संबंधित चिंताओं को उजागर किया गया। साथ ही तकनीकी उन्नयन करने, व्यवसाय में विविधता लाने और शासन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमदान कर 'स्वच्छोत्सव' का किया शुभारंभ

## ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के एम.वाय. हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एम.वाय.हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और



स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे और वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने नागरिकों का आहवान किया कि न तो गंदगी करें और न होने दें। स्वच्छता ही सेवा अभियान के लॉंचिंग लोगो का विमोचन भी किया।

***ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण***- इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक च्स्वच्छता ही सेवा अभियानज्ज के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे ङ्क मोबाइल, चार्जर, पंखे, कंप्यूटर पार्ट्स, बैटरी, टीवी, रिमोट इत्यादि जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर लगातार जारी रहने वाला विशेष अभियान है। अभियान के आगामी चरणों में नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स रखे जाएंगे, जहाँ नागरिक अपने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कर सकेंगे। साथ ही नगर निगम द्वारा घर- घर से भी वेस्ट कलेक्शन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अभियान में अपने घर, दुकान एवं कार्यालयों से निकलने वाले पुराने एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निर्धारित स्थानों पर ही जमा करें। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, विधायक गोलू शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विश्वकर्मा जयंती पर पूजन-अर्चन किया

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री निवास स्थित तकनीकी कक्ष में भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के मंगल की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमें परिश्रम और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उनके आशीर्वाद से सभी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें यही कामना है।

## कोतवाली टीआई ने टीम के साथ किया रक्तदान

**दमोह।** सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने सेवा पखवाड़ा अभियान में पीजी कॉलेज पहुंचकर ब्लड डोनेट किया। साथ ही प्रधान आरक्षक हेमंत अवस्थी, बद्री तिवारी ने भी ब्लड डोनेट किया। कोतवाली पुलिस एक तरफ समाज की सुरक्षा के लिए अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं दूसरी तरफ मानवता का फर्ज निभाते हुए रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पीछे नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने टीम के साथ रक्तदान किया।

# राष्ट्र सेवा व जनकल्याण के लिये कार्य करें युवा : सारंग

## मंत्री सारंग ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को तात्या टोपे खेल स्टेडियम, भोपाल में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एवं खिलाड़ियों द्वारा सेवा कार्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री श्री सारंग ने स्कूली छात्राओं व खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास एवं स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। रक्तदान शिविर में खिलाड़ियों और युवाओं में काफी उत्साह था। सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। मंत्री श्री सारंग ने



कहा कि रक्तदान निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। यह केवल एक मानवीय कर्तव्य नहीं बल्कि किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का पवित्र कार्य है। उन्होंने कहा कि आज के दिन खिलाड़ियों ने जिस उत्साह के साथ रक्तदान किया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएँ बनने की प्रक्रिया तेज़ होती है। समय-समय पर रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। रक्तदान करने से आत्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होती है। कहा भी गया है रक्तदान महादान है।

***समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं***- मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल और समाजसेवा का यह अनूठा संगम युवाओं को नई दिशा देगा। हमारा उद्देश्य है कि युवा उत्कृष्ट खिलाड़ी के साथ ही समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जब खेल भावना और सेवा भावना मिलती है, तो राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया और भी सशक्त होती है। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं के लिये महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर की भी शुरुआत की गई, जिसमें प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाईं।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से लें प्रेरणा***- मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन सेवाभाव और राष्ट्रहित को समर्पित है। गरीब परिवार में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद देश के प्रधानमंत्री बनने तक का उनका सफर सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं और आज विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 'सेवा पर्मो धर्म:' की भावना के साथ युवाओं को राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। सेवा पखवाड़ा उसी प्रेरणा का प्रतीक है, जो युवाओं को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश देता है।

***महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बढ़ा आत्मविश्वास***- कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं और महिलाओं ने मार्शल आर्ट अकादमी के प्रशिक्षकों से आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सीखीं। यह प्रशिक्षण महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी जगाता है।मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि बहन-बेटियां हर परिस्थिति में सुरक्षित और सशक्त रहें। इस प्रकार के शिविर उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से मजबूत बनाते हैं।

***सेवा पखवाड़ा में विविध आयोजन***- खेल और युवा कल्याण विभाग ने सेवा पखवाड़ा के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया है। इनमें रक्तदान शिविर, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण, वृद्धाश्रम और अनाथालय में खिलाड़ियों द्वारा सहयोग और भोजन वितरण, शासकीय अस्पतालों में सेवा कार्य, अनाथाश्रम के बच्चों का स्टेडियम भ्रमण, खेलकूद प्रतियोगिताएं, स्वच्छता अभियान और नमो मैराथन जैसे आयोजन शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खेल, युवा और समाजहित को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# कलेक्टर मिशा सिंह पहुंची सांदीपनी स्कूल

## पैरेंट्स मीटिंग में हुई शामिल

दमोह

कलेक्टर मिशा सिंह सांदिपनी विद्यालय पहुंची। उन्होंने यहां आयोजित पेरेंट्स मीटिंग में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों से चर्चा की। विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। साथ ही आयरन की गोली वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उन्होंने आयरन गोली के महत्व से भी अवगत कराया। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा विद्यालय की छात्राओं में गणित और विज्ञान विषय को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। छात्राएं इन विषयों को और अच्छे से पढ़ने और समझने की जिज्ञासा रखती हैं। संवाद के दौरान कई छात्राओं ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी और भविष्य में आईएएस, आईपीएस जैसे पदों पर चयनित होने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की। कलेक्टर ने उन्हें शुरुआती स्तर पर मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर ने कहा कि छात्राओं का देशहित में योगदान देने का उत्साह देखकर वह प्रभावित हुई। छात्राओं की सोच और आत्मविश्वास से शिक्षा के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। अभिभावकों ने विद्यालय की पढ़ाई की पद्धति की सराहना की और कहा कि बच्चों का भविष्य बेहतर दिशा में आगे बढ़ रहा है। विद्यालय के प्रयासों का सकारात्मक असर छात्रों में स्पष्ट झलक रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, प्राचार्य आरएपी कुर्मी मौजूद रहे।

## हटा में आयोजित की गई अल्पविराम परिचय कार्यशाला

**दमोह।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार विकासखंड हटा के आजीविका मिशन सभागार में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विकासखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए जो प्रतिदिन जनता से सीधे संवाद कर विभागीय योजनाओं का संचालन करते हैं। ऐसे प्रतिभागियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आनंदित रहकर कार्य करने के लिए अल्पविराम कार्यक्रम से जोड़ा गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपस्थित प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। सत्र की शुरुआत आनंद विभाग का परिचय विषय से हुई जिसे रमेश व्यास ने संचालित किया। तत्पश्चात आनंद की ओर विषय पर उषा व्यास ने मार्गदर्शन दिया। जीवन का लेखा-जोखा विषय पर कमलेश शुक्ला ने प्रशिक्षण दिया। वहीं, चिंता का दायरा एवं प्रभाव का दायरा विषय पर जिला संपर्क व्यक्ति रमेश व्यास ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने जीवन की घटनाओं को साझा करते हुए अल्पविराम के महत्व को समझा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जीवन में आनंदित रहते हुए अपने कार्य को अधिक प्रभावी ढंग से संपन्न करना रहा। इस एकदिवसीय कार्यशाला में कुल 67 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

# कार्यों में लापरवाही पर बटियागढ़ के पांच पटवारी को नोटिस

दमोह

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वामित्व योजना के अंतर्गत कार्यपूर्ण न करने एवं लगातार लापरवाही बरतने पर बटियागढ़ तहसील के 5 पटवारियो को अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा नोटिस जारी करते हुए दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती वर्षा दुबे ने बताया कि बटियागढ़ तहसील के पटवारी हल्का मंगोला वीरेंद्र पटेल, खडेरी अनुराग जैन, मगरोन नीतीश छिरौलिया, निबोराकला अंगद लोधी, शहजादपुरा बृजेंद्र नाथ तिवारी पटवारी द्वारा स्वामित्व योजना का कार्य लगातार निर्देशित करने के उपरांत भी पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। जिस कारण से इस मामले में प्रगति नहीं हो पा रही है और यह शासकीय कार्य के प्रति गंभीर रूप से पटवारी की लापरवाही एवं उदासीनता प्रतीत हो रही है। अत: इस योजना के लंबित कार्यों को दो दिवस में पूर्ण करने हेतु इन्हें निर्देशित किया गया है। कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में इनके विरुद्ध गोपनीय चरित्रावली में प्रतिकूल टिप्पणी अंकित करते हुए विभागीय जांच की कार्यवाही की जाएगी। श्रीमती दुबे ने बताया कि बटियागढ़ तहसील के पटवारी हल्का मंगोला में 250 प्लाट के विरुद्ध मात्र 49 प्लाट का सर्वे किया गया है। जबकि अभी 201 प्लांट शेष रह गए हैं। इसी प्रकार पटवारी हल्का खडेरी में 1372 प्लांट के विरुद्ध 149 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 1223 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। पटवारी हल्का मगरोंन में 974 प्लांट के विरुद्ध 471 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 503 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। पटवारी हल्का निबोरा कला में 375 प्लांट के विरुद्ध एक भी प्लाट का सर्वे नहीं किया गया अभी भी 375 ही प्लांट भी शेष हैं। वहीं पटवारी हल्का शहजादपुरा में 278 प्लांट के विरुद्ध 139 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 137 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। इन सभी पटवारी से दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# सेवा ही भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य : शिवहरे

## सेवा पखवाड़े अंतर्गत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

## पौधारोपण और रक्तदान कर मनाया सेवा पर्व

दमोह

जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े में संपूर्ण जिले में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर घंटाघर पर स्वच्छता अभियान अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा कि सफाई की गई। साथ ही आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। साथ ही जिला चिकित्सालय के स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया। तदुपरांत नमो वन अंर्तगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर ष् एक पेड़ मां के नाम 75 पौधों का रोपण किया गया। पीएम श्री पीजी कालेज दमोह में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने युवाओं के साथ रक्तदान किया। जिसमें मुख्य भूमिका युवा मोर्चा की रही। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़े अंतर्गत घंटाघर पर स्वच्छता अभियान अंतर्गत



सफाई की। नमो वन अंर्तगत प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस पर एक पेड़ माँ के नाम 75 पौधा का रोपण किया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत संपूर्ण जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान जैसे सेवा भावी कार्य किए गये। प्रधानमंत्री ने विगत कई वर्षों से हम सभी को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा कार्य करने का अवसर मिला। सेवा ही भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पर्व के रूप में मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न सेवा भावी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर हम सभी ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत सफाई की है एवं नमो वन पौधारोपण और रक्तदान कर सेवा पर्व के रूप में मनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश की पावन धरा पर अपना जन्म दिवस मना रहे है। आज वह मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क के रूप में उपहार प्रदान कर रहे हैं निश्चित ही यह मध्य प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने आम आदमी की जेब में बचत के रूप में डायरेक्ट ट्रांसफर किया है निश्चित ही यह भाजपा के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के विचार का एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक पूर्व मंत्री जयंत मलैया, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, सेवा पखवाड़ा प्रभारी जिला महामंत्री अरूण तिवारी, रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, मनीष तिवारी, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकिनदंन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह कोषाध्यक्ष कुसुम खरे, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष साजिद रिजवी, दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, रानी दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, पार्षद यशपाल राजपूत, अरविंद उपाध्याय, रिंकू गोस्वामी, जुगल अग्रवाल, मनीष सोनी, महेंद्र अहिरवार, सिंकदर खरारे, आशीष राय, देवल कटारिया, सुनील यादव, विकास जैन, महेंद्र राठौर, कार्तिक शेलार, अरविंद सिंह, राजुल चौरहा सहित कार्यकर्ताओं उपस्थिति रही।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO No. 515 — Dated 17/09/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/09/25<br>2025_UAD_445542_1 | डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत शासकीय अशासकीय स्कूल केम्पस में गेट का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह<br>रू. 7.23 लाख | रु. 2,000/-<br>रु. 7235/- | 6/10/2025 |
| 2. | 19/09/25<br>2025_UAD_445542_2 | डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड गांजी मस्जिद से सगीर के मकान तक सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 03 माह<br>रू. 5.88 लाख | रु. 2,000/-<br>रु. 5882/- | 6/10/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित हाथीताल कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रं. एम.आई.जी.-16 श्रीमती प्रतिभा चौकसे पति स्व. श्री रामेशवर चौकसे के नाम आंवटित है जिसका विकय विलेख दिनांक 25.03.1994 को निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती प्रतिभा चौकसे पति स्व. श्री रामेशवर चौकसे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.01.1996 एवं दिनांक 04.02.1998 के माध्यम से श्री विष्णु प्रसाद नेमा पिता स्व. श्री हीरालाल नेमा एवं श्री एल.पी. नेमा पिता स्व.. श्री हीरालाल नेमा को विक्रय किया है। श्री एल.पी. नेमा की दिनांक 24.12.1998 को मृत्यु हो चुकी है। अतः श्री विष्णु प्रसाद नेमा पिता स्व. श्री हीरालाल नेमा एवं श्री राजेश नेमा पिता स्व. श्री एल.पी. नेमा के द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तातंरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। नोटः दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र मत का विज्ञप्ति दिनांक 12.09.2025 निरस्त माना जावे।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कामधेनु नगर पनागर जबलपुर में स्थित मूखण्ड क्रमांक- एम.आई.जी.-17 श्रीमती आशा बाई पति श्री गणेश सिंह के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनाक 07.11.2024 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती आशा बाई पति श्री गणेश सिंह ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.07.2025 के माध्यम से श्रीमती राखी बाई पति श्री जय कुमार को विक्रय किया है। श्रीमती राखी बाई पति श्री जय कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तातरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/सस्था को उपरोक्त लीज हस्तातरण / नामातरण / (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नही होगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज सेन पिता श्री कोठारी लाल सेन के द्वारा पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी-1007 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्रीमती आशा पटेल पति श्री भरतलाल पटेल के नाम पर आवंटित है। श्री मनोज सेन पिता श्री कोठारी लाल सेन के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्री मनोज सेन पिता श्री कोठारी लाल सेन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/सस्था को उक्त भवन के हस्तातरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एलआईजी-1007 श्री मनोज सेन पिता श्री कोठारी लाल सेन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं हागो।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# 40 साल तक लंबित नहीं रख सकते मामले: हाईकोर्ट

## भोपाल गैस त्रासदी पर हाईकोर्ट का आदेश

## तेजी से करें क्रिमिनल केस का निराकरण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भोपाल गैस त्रासदी केस को चलते हुए 33 साल से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन निराकरण नहीं हुआ। लिहाजा मामले में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया है कि भोपाल गैस त्रासद से जुड़े क्रिमिनल केस का ट्रायल कोर्ट शीघ्र निराकरण करे। हाईकोर्ट ने मामले में यह भी टिप्पणी की है कि हम 40 साल तक केस को लंबित नहीं रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि वॉरेन एंडरसन सहित सभी



आरोपियों पर जल्द फैसला सुनाया जाए। भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष समिति की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए निर्देश दिए हैं कि केस से जुड़े सभी प्रकरणों दाखिल मंथली प्रोग्रेस रिपोर्ट रजिस्ट्रार ऑफजनरल को दी जाए। जिसके बाद प्रकरणों की प्रोग्रेस रिपोर्ट देखी जाएगी। भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की ओर से जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने भोपाल ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि गैस त्रासदी से जुड़े लंबित मामलों का निराकरण जल्द से जल्द किया जाए। याचिकाकर्ता समिति जो विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों का संघ है और गैस त्रासदी पीड़ितों की ओर से काम करती है।

### 5 अक्टूबर तक सुनवाई स्थगित

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने बताया कि मामला 5 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है। सरकारी पक्ष ने कहा कि सीबीआई जांच एजेंसी है। अब भी एक आपराधिक अपील तथा एक विविध आपराधिक मामला लंबित है। यह मामला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत आरोपियों को फरार घोषित करने के लिए दायर किया गया था।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि एक आरोपी अक्टूबर 2023 से अदालत में उपस्थित हो रहा है, फिर भी अब तक न तो कोई आदेश पारित हुआ है, न ही ट्रायल शुरू हुआ है। इस पर अदालत ने मौखिक रूप से पूछा धारा 82 में आरोपी उपस्थित होता है तो उसका क्या अर्थ है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि धारा 82 में उपस्थिति से ट्रायल स्वतः शुरू नहीं होता, इसके लिए अदालत को विशेष आदेश देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आरोपी दो साल से उपस्थित है, फिर भी चार्जशीट दाखिल नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने खुले अदालत में आदेश पारित करने में असमर्थता व्यक्त की है। इस पर हाईकोर्ट ने आश्वस्त किया है कि अब हर महीने रिपोर्ट भेजें।

### रजिस्ट्रार जनरल को अदालतें भेजेंगी मासिक रिपोर्ट

संघ ने बताया कि क्रिमिनल 91/1992 मामला पिछले 33 सालों से लंबित है। वर्ष 2010 से जिला जज की अदालत में आपराधिक पुनरीक्षण की अपील भी लंबित है। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने आपत्ति जताई कि याचिकाकर्ता न तो गवाह है और न ही पक्षकार, इसलिए याचिका सुनने योग्य नहीं है। हालांकि हाईकोर्ट ने इस पर आदेश दिया कि चूंकि ये कार्रवाई लंबे समय से लंबित है, इसलिए इस याचिका का निराकरण करने के निर्देश देते हैं। हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायालय और लंबित आपराधिक अपीलों का यथाशीघ्र निस्तारीकरण प्राथमिकता से करें। हाईकोर्ट ने संबंधित अदालतें मासिक रिपोर्ट रजिस्ट्रार जनरल को भेजेंगी और रजिस्ट्रार जनरल इन्हें मुख्य न्यायाधीश को प्रशासनिक पक्ष पर प्रस्तुत करेंगे।

## युवक पर डंडे और कड़े से हमला

**जबलपुर।** बेलखेड़ा के ग्राम कटीला निवासी 21 वर्षीय सत्येन्द्र सिंह के साथ गांव के ही दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। आरोपियों ने डंडे व कड़े से हमला कर सत्येन्द्र सिंह को गंभीर चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने बताया कि सतेन्द्र सिंह बीती शाम पिपरियाकला स्कूल के पास खड़ा था, उसी समय तुलसी लौधी व खिलन सिंह पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करने लगे। सतेन्द्र ने विरोध किया तो तुलसी ने अपने नुकीले कड़े व खिलन सिंह ने डंडे से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी।

## युवक की मौत

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस को मेडिकल अस्पताल की ओर से सूचना दी गई कि रामपुर छापर निवासी 35 वर्षीय राहुल बर्मन को बुधवार सुबह करीब सवा सात बजे उसकी पत्नी बेहोशी की हालत में लेकर आई थी। जिसे चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज द्वारा शिविर का आयोजन

## मुख स्वास्थ्य शिविर में 50 से अधिक महिलाओं की हुई जांच



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 17 सितंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में निःशुल्क मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक महिलाओं एवं नगर के लोगों की मुख स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही मौखिक स्वच्छता एवं दंत रोगों की रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक सुझाव भी प्रदान किए गए। यह शिविर हितकारिणी डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ राजेश धीरावानी एवं प्राचार्य डॉ रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर का सफल संचालन डॉ अंकिता सिंह, डॉ अविनाश बोस, डॉ नेहा राय तथा संस्थान के अन्य चिकित्सकों की टीम ने किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी स्कूल देवताल गढ़ा में एनएसएस की भर्ती के उपरांत पहला कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत किया गया, जिसमें एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा



साला परिसर की साफ-सफाई की गई। जिसमें एनएसएस के 96 छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी रोहित द्विवेदी द्वारा यह कार्य संपन्न कराया गया और प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# पत्नी और बेटी पर बका से जानलेवा हमला

## गोहलपुर नर्मदा नगर में वारदात, आरोपी की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोहलपुर थाना क्षेत्रांतर्गत नर्मदा नगर में एक शख्स ने रोज की टोका-टाकी से नाराज होकर अपनी पत्नी पर बके से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला को पेट, सीने व पीठ में गंभीर चोटे आई है। महिला की चीख पुकार सुन जब उसकी बेटी बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद घायल माँ-बेटी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा नगर सोनू किराना के पास 45 वर्षीय सोनी गुप्ता अपनी बेटी व पति के साथ रहती है। बीती रात सोनी गुप्ता अपनी बेटी को लेकर मोबाईलपर बलैंस डलाने गई थी। जहां से रात्रि करीब साढ़े नौ बजे वापस लौटी तो उनके पति जगदीश गुप्ता ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खाला। जब सोनी गुप्ता ने देर से दरवाजा खोलने का कारण पूछा तो जगदीश गुप्ता आग बबूला हो गया और कहने लगा कि तू मुझे रोज प्रताड़ित करती है, आज तुझे जान से ही खत्म कर देता हूँ। इसके बाद जैसे ही सोनी गुप्ता अपने ऊपर वाले कमरे में पहुंची तो उनका पति जगदीश नीचे से बका लेकर ऊपर कमरे में पहुंचा और दनादन सोनी गुप्ता पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटे आ गई। उनकी चीख पुकार सुन उनकी बेटी बीच बचाव करने पहुंची तो उसे भी चोटे आ गई। घायल माँ-बेटी को आसपास के लोगों ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जगदीश गुप्ता फरार हो गया है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

## बदमाश पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्रांतर्गत गोलबाजार में बीती रात एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी स्कूटी छीनकर भागे बदमाश को पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर धर दबोचा। पुलिस ने स्कूटी व चाकू जप्त करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# जल्द होगा किसानों की समस्याओं का निराकरण



## कलेक्टर की अध्यक्षता में किसान संगठनों की बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान संगठनों की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, उप संचालक कृषि एसके निगम तथा किसान संघों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों से एक-एक कर उनकी समस्याकओं को सुना। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्या ओं के निराकरण प्राथमिकता से करने की बात रखी। जिनमें धान, मूंग व उड़द उपार्जन के रूके हुए भुगतान कराने, नहरों की मरम्मत, खाद की सहजता से उपलब्धता आदि शामिल थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि वे किसानों के साथ सहानुभूति के साथ कार्य करेंगे। साथ ही कहा कि उर्वरक व नहरों से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण शीघ्र किया जायेगा।

बैठक में नरवाई प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अभियंता एमएल मेहरा ने नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने बनाया रिकार्ड

## 350 दिन तक लगातार किया विद्युत उत्पादन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट लगातार 350 दिन तक संचालित होने में सफल हुई। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में यह प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट है जिसने लगातार 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड स्थापित किया। इस बात



की पूरी संभावना है कि अगले 15 दिन में यह यूनिट लगातार 365 दिन या एक वर्ष तक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाएगी। उल्लेखनीय है कि 210 मेगावाट क्षमता की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। इससे पूर्व इस यूनिट ने इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था। इस यूनिट के सतत् बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# विश्वसनीयता, सुदृढ़ता और अडिगता के साथ खड़ी है हिन्दी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव 2025 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जबलपुर केन्द्र के उपनिदेशक डॉ विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि जब पूरे विश्व में भाषाओं पर खतरे की घंटी बज रही है उस समय हिन्दी विश्वसनीयता, सुदृढ़ता व अडिगता के साथ खड़ी हुई है। इसका कारण करोड़ों लोगों का हिन्दी के अपनत्व है और वे इसका सभी तरह से उपयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व



प्रशासन एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, हिन्दी समिति के संयोजक दीपक निगम सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। समारोह में डॉ विवेक श्रीवास्तव को हिन्दी में दिए गए अविस्मरणीय योगदान के लिए हिन्दी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। विद्युत कंपनियां हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध.हिन्दी के समिति के अध्यक्ष पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भागीदारी का संकेत है कि कार्मिकों का हिन्दी के प्रति लगाव व रूझान बढ़ा है।

# डुमना एयरपोर्ट पर हर्षोल्लास एवं आनंद के साथ मनाया यात्री सेवा दिवस

## पौधारोपण के साथ ही प्रश्नोत्तरी

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 17 सितंबर को देश भर में इसके सभी हवाईअड्डों पर यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जबलपुर हवाईअड्डे पर अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ यात्री सेवा एवं देश के विमानन जगत में हो रहे तीव्र विकास की गति से नागरिकों को जागरूक किया गया। जबलपुर



हवाईअड्डे ने मध्य प्रदेश के बुंदेलखंडक्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत राई एवं अहीर नृत्य को भी स्थानीय लोकनर्तकों के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करके यात्रियों के साथ-साथ उपस्थित सभी नागरिकों का मनमोह लिया। यात्रियों ने लोकनर्तकों के साथ अपनी फोटो लेकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर व्यापक रूप प्रचारित प्रसारित किया तथा इस अवसर पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। जबलपुर हवाई अड्डे ने नागरिक जागरूकता के लिए, शहर के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों, यात्रियों, भाविप्रा एवं इसके हितधारकों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम पर पौधारोपण कार्यक्रम, निःशुल्क रक्तदान, मधुमेह, रक्तचाप, बीएमआई जांच शिविर का आयोजन किया गया।

*निः शुल्क शिविर का भी आयोजन*- सेंट थॉमस स्कूल के कक्षा 10 से 12 के स्कूली छात्रों को हवाईअड्डे एवं इसके सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कराकर विमानन क्षेत्र में उनके भविष्य निर्माण को दिशा दी। हवाईअड्डे पर आगमन करने वाले सभी यात्रियों का तिलक से स्वागत करके उनके भीतर यात्री सुरक्षा तथा समर्पित सेवा का भाव जागृत किया। यात्री बच्चों तथा विद्यालय स्तर के बच्चों से देशभक्ति के प्रसंग पर आधारित प्रश्नोत्तरी तथा चित्रकला का आयोजन किया, जिसमें छोटे-छोटे यात्री बच्चों ने भाग लिया और अपनी मनमोहक भावनाओं से अतरंगीचित्रकला की। हवाईअड्डे के पार्किंग क्षेत्र में ऑटो रिक्शाचालक तथा टैक्सी ड्राइवरों के लिए, मेट्रो अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 20 नागरिको का नेत्र परीक्षण किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज ने 7 यूनिट रक्त एकत्रित किया। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में 16 यात्रियों का रक्तचाप, मधुमेह तथा बीपी जांच की।

# पांच हजार का इनामी हमलावर पुलिस के हत्थे चढ़ा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्राणघातक हमला कर फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी बदमाश सौरभ सिंह ठाकुर को रांझी पुलिस ने बीती रात इंद्रा आवास के समीप से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्टल और एक कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पूछताछ शुरु कर दी है। रांझी टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर इंद्रा आवास निर्माणाधीन बिल्डिंग के समीप दबिश दी गई। जहां घेराबंदी कर सुभाष नगर झण्डा चौक निवासी 24 वर्षीय सौरभ सिंह ठाकुर को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल व कारतूस बरामद किया। श्री गोल्हानी ने बताया कि आरोपी सौरभ अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयासए अवैध वसूलीए मारपीटए आर्म्स के करीब एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है। इतना ही नहीं वह रांझी क्षेत्र में प्राणघातक हमला किये जाने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तार पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित था।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE | MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS | @moviemagic_jbp

| Film | Shows |
| --- | --- |
| DEMON SLAYER: KIMETSU NO YAIBA INFINITY CASTLE (ENG/HIN/JPN) | ENGLISH - 5:00 PM; ruby 1:30 PM, 6:45 PM, 9:35 PM; HINDI - 11:20 AM; JAPANESE - 8:30 AM & 10:35 PM |
| MIRAI (HIN) | 9:30 AM, 3:15 PM & 10:30 PM |
| THE BENGAL FILES (HIN) | ruby 12:00 PM; 6:30 PM |
| PARAM SUNDARI (HIN) | 12:35 PM & 4:15 PM; ruby 6:30 PM |
| THE CONJURING: LAST RITES (HINDI) | HINDI - 2:20 PM & 8:00 PM; ENG- ruby 4:15 PM |
| BAAGHI 4 (HIN) | 10:15 AM, 1:15 PM & 10:00 PM; ruby 3:45 PM |
| BYO CHA KHAPE (SINDHI) | 7:10 PM; ruby 9:10 PM |

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पीटल श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल 24/7
क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)
भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित ऑपरेशन रियायती दरों में नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।
मात्र 20000/- सुविधाएं ही सुविधाएं
• बच्चेदानी का ऑपरेशन • हर्निया का ऑपरेशन • पाईल्स • प्रसव(डलेवरी)
• अपेंडिक्स • फिश्चुला/भगंदर • फिशर • सिस्ट
• हायड्रोसिल • सर्जन • अनेस्थिशिया • ओटी चार्जेस
• बेड चार्जेस • दवाईयाँ • खुन की जॉच
नोटः- यह सारी सुविधाएं दि. 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य का लाभ उठायें।
वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट (म.प्र.)-401001, सम्पर्क करें::- 8959193333, 9685612023, 07632-243906,243907

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**